प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 324 | सोमवार 17 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रूपया

## कश्मीरी युवा को सुसाइड बम्बर बनाने की साजिश, डाक्टरों का आतंकी नेटवर्क बेनकाब



पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) दिल्ली कार बम धमाके में ?श्व्हाइट–कॉलर?श आतंकी मॉड्यूल का खुलासा हुआ है, जिसमें डॉ. उमर नबी ने कश्मीरी युवक जसीर को सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए ब्रेनवॉश किया था। कुलगाम की मस्जिद से भर्ती कर उसे फरीदाबाद ले जाकर कट्टरपंथी बनाया गया, जिससे युवाओं के आतंकी जाल में फंसने की गंभीर चुनौती सामने आई है।दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार बम धमाके की जांच में आतंकवाद का एक चौंकाने वाला श्व्हाइट–कॉलरश मॉड्यूल सामने आया है। इस ब्लास्ट में मारे गए मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी पर आरोप है कि वह दक्षिण कश्मीर के एक युवक को भर्ती कर उसे आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) बनने के लिए ब्रेनवॉश कर रहा था।जाँच एजेंसियों के मुताबिक, जैश–ए–मोहम्मद और अंसार गजवत–उल–हिंद जैसे आतंकी संगठनों से जुड़ा यह श्व्हाइट–कॉलरश मॉड्यूल (जिसमें कथित तौर पर डॉक्टरों का एक समूह शामिल है), पिछले एक साल से सक्रिय रूप से एक आत्मघाती हमलावर की तलाश कर रहा था।गिरफ्तार सह–आरोपियों (डॉ. अदील राथर और डॉ. मुजफ्फर गनई) ने पुलिस को बताया कि उमर नबी, जो खुद धमाके में मारा गया था, श्कट्टर कट्टरपंथीश था।वह अपने आतंकी ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए एक सुसाइड बॉम्बर की जरूरत को लेकर लगातार कोशिश कर रहा था।इन गिरफ्तारियों से मिली जानकारी के आध ार पर, श्रीनगर पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से जसीर उर्फ श्दानिशश नाम के एक युवक को हिरासत में लिया है।

कैसे किया गया श्ब्रेनवाशश?

पॉलिटिकल साइंस में बैचलर की डिग्री रखने वाले जसीर ने पुलिस को बताया कि वह पिछले साल कुलगाम की एक मस्जिद में इस श्व्हाइट–कॉलरश मॉड्यूल से पहली बार मिला था।इसके बाद, मॉड्यूल के सदस्यों (डॉक्टरों) ने उसे हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी के पास एक किराए के मकान में ले जाकर ब्रेनवॉश करने की कोशिश की, ताकि वह आतंकी ऑपरेशन को अंजाम दे सके।

## एटा में डयूटी पर जा रहे होमगार्ड की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत



पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) राजेश सिंह ने बताया पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी है। सीओ ने बताया कि घटना की जांच की रही है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए भी छानबीन की जा रही है।एटा जिले के बागवाला थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ड्यूटी पर जा रहे एक होमगार्ड की रविवार तड़के मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार होमगार्ड की पहचान रामपुर निवासी राम सेवक (57) के रूप में हुई।पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना बागवाला थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव के पास नहर पटरी की बताई गई है। परिजनों के अनुसार रामसेवक रोज की तरह ड्यूटी के लिए कोतवाली नगर जा रहे थे, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये।हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल रामसेवक को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) राजेश सिंह ने बताया पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी है। सीओ ने बताया कि घटना की जांच की रही है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए भी छानबीन की जा रही है।

## ओडिशा के मुख्यमंत्री ने 'हाउस आफ लार्ड्स' में बाली जात्रा उत्सव की सराहना की



पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को बाली जात्रा के आयोजन और राज्य की विरासत को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए ब्रिटेन स्थित उड़िया एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित समुद्री त्योहारों में से एक बाली जात्रा का आयोजन शनिवार को लंदन के ऐतिहासिक 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' में किया गया।कार्यक्रम के दौरान माझी का एक विशेष संदेश साझा किया गया, जिसमें उन्होंने आयोजकों को ओडिशा की समृद्ध समुद्री विरासत के बारे में अंतरराष्ट्रीय मंच पर जागरूकता फैलाने के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। बयान में कहा गया है कि कार्यक्रम के दौरान दर्शकों के लिए यह संदेश सुनाया गया।बयान ने कहा गया कि शिखर सम्मेलन से एक महत्वपूर्ण बात यह हुई कि ग्लोबल साउथ कॉरिडोर स्थापना को लेकर एक योजना की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य इन क्षेत्रों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक दोनों ही दृष्टि से प्राचीन संबंधों को सुगम बनाना और नवीनीकृ त करना है।बयान में मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया कि ग्लोबल साउथ के प्रतिनिधियों ने आगामी वर्ष में इस कॉरिडोर के साकार होने में गहरी रुचि दिखाई। इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के सांसद लुई फ्रेंच, खेल और संस्कृति मंत्र लॉर्ड रामी रेंजर, पूर्व संसद सदस्य लॉर्ड इवांस, कंजर्वेटिव और लेबर, दोनों पार्टियों के पार्षद तथा लंदन विध ानसभा के सदस्य शामिल हुए।एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दक्षिण–पूर्व एशिया के लेबर फ्रेंड्स और इंडोनेशिया पर एपीपीजी (सर्वदलीय संसदीय समूह) के सदस्य समेत अफ्रीका, चीन, ब्रिटेन और यूरोप के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्रीलंका के व्यापार मंत्री भी इस अवसर पर उपस्थित थे।ओडिशा हर साल अपने समुद्री इतिहास और दक्षिण–पूर्व एशिया के साथ व्यापार को याद करते हुए बाली यात्रा उत्सव आयोजित करता है। इस कार्यक्रम में पारंपरिक कला, शिल्प, भोजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होती हैं।

## आंध्र प्रदेश के राजकोषीय संकेतक अर्थव्यवस्था में "सुस्ती" दर्शाते हैं रू जगनमोहन रेड्डी

पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राज्य का अपना कर राजस्व पहली छमाही में साल–दर–साल केवल 7.03 प्रतिशत बढ़ा, जबकि संयुक्त जीएसटी और बिक्री कर राजस्व में केवल 2.85 फीसदी की वृद्धि हुई।"वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के वित्त वर्ष 2025–26 की पहली छमाही के आंकड़ों का हवाला देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश के राजकोषीय संकेतक अर्थव्यवस्था में "सुस्ती" दर्शाते हैं।रेड्डी ने कहा कि कैग की ओर से जारी पहली छमाही के आंकड़े वास्तविक स्थिति को उजागर करते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राज्य का अपना कर राजस्व पहली छमाही में साल–दर–साल केवल 7.03 प्रतिशत बढ़ा, जबकि संयुक्त जीएसटी और बिक्री कर राजस्व में केवल 2.85 फीसदी की वृद्धि हुई।"रेड्डी ने लिखा कि ये आंकड़े तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन के इस आश्वासन के विपरीत हैं कि उसके शासन में सरकारी राजस्व में तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 2023–24 से 2025–26 तक की दो साल की अवधि में राज्य के अपने कर राजस्व की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) केवल 2.75 प्रतिशत है जो सरकार की ओर से अनुमानित राजकोषीय प्रदर्शन से कहीं कम है।

## बहन पर वार करने वालों पर चलेगा सुदर्शन चक्र रोहिणी के अपमान पर तेज प्रताप ने दी चेतावनी



पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) बिहार विधानसभा चुनाव में राजद की करारी हार के बाद लालू परिवार का संकट गहरा गया हैय तेजस्वी द्वारा बहन रोहिणी आचार्य के कथित अपमान पर तेज प्रताप यादव ने ष्सुदर्शन चक्रष की चेतावनी देकर पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह विवाद राजद की आंतरिक अस्थिरता और बिहार राजनीति में पार्टी के भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।बिहार विध ानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद लालू परिवार में घमासान तेज हो गया है। सूत्रों के अनुसार, हार का ठीकरा भाई तेजस्वी यादव ने बहन रोहिणी आचार्य पर फोड़ दिया, जिसके बाद कथित तौर पर उनके साथ गाली–गलौज और अपमान हुआ।इस पारिवारिक कलह के बीच, बड़े भाई तेज प्रताप यादव खुलकर रोहिणी के समर्थन में आ गए हैं और उन्होंने अपमान करने वालों के खिलाफ बेहद सख्त रुख अपनाया है।

तेज प्रताप की सीधी चेतावनी

तेज प्रताप यादव ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम और सोशल मीडिया के जरिए स्पष्ट चेतावनी दी है कि वह अपनी बहन के सम्मान से कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, श्जो भी मेरी बहन का अपमान करेगा, उसके खिलाफ कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलेगा।श

तेज प्रताप ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में सीधे तौर पर हमलावरों को जयचंदों कहकर संबोधित किया और उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी। इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, श्मेरी बहन के साथ जो हुआ, वह असहनीय है। सुन लो जयचंदों, परिवार पर वार करोगे तो बिहार की जनता तुम्हें माफ नहीं करेगी। चप्पल उठाने की घटना ने दिल में आग लगा दी है। अब सुदर्शन चक्र चलेगा।श

उन्होंने आगे कहा कि यह हमला सिर्फ परिवार पर नहीं, बल्कि बिहार की अस्मिता पर है और इसका जवाब कठोर होगा।

चुनावी हार के बाद गहराया राजद का संकट

राजद के खराब चुनावी प्रदर्शन (पार्टी सिर्फ 25 सीटों पर सिमट गई) के बाद यह पारिवारिक विवाद सामने आया है। रोहिणी आचार्य ने सार्वजनिक तौर पर परिवार और पार्टी से दूरी बनाने का ऐलान कर दिया है, जबकि तेज प्रताप की खुली चेतावनी पार्टी नेतृत्व पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

## प्रधान न्यायाधीश गवई ने अनुसूचित जातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर को शामिल न करने का समर्थन किया

***न्यायमूर्ति गवई ने 2024 में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।***



पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने रविवार को दोहराया कि वह अनुसूचित जातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर को शामिल न करने के पक्ष में हैं। गवई ने '75 वर्षों में भारत और जीवंत भारतीय संविधान' नामक एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आरक्षण के मामले में एक आईएएस अधिकारी के बच्चों की तुलना एक गरीब खेतिहर मजदूर के बच्चों से नहीं की जा सकती।न्यायमूर्ति गवई ने कहा, "मैंने आगे बढ़कर यह विचार रखा कि क्रीमी लेयर की अवधारणा, जैसा कि इंद्रा साहनी (बनाम भारत संघ एवं अन्य) के फैसले में पाया गया है, लागू होनी चाहिए। जो अन्य पिछड़ा वर्ग पर लागू होता है, वही अनुसूचित जातियों पर भी लागू होना चाहिए, हालांकि इस मुद्दे पर मेरे फैसले की व्यापक रूप से आलोचना हुई है।"उन्होंने कहा, "हालांकि, मेरा अब भी मानना ध्है कि न्यायाधीशों से सामान्यतः अपने फैसलों को सही ठहराने की अपेक्षा नहीं की जाती है, और मेरी सेवानिवृत्ति में अभी लगभग एक सप्ताह बाकी है।"प्रधान न्यायाध ीश ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में समानता या महिला सशक्तीकरण बढ़ा है। न्यायमूर्ति गवई ने 2024 में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।

## राजनाथ और सीएम योगी ने किया वीरांगना ऊदा देवी की प्रतिमा का अनावरण कहा- यह हर हिंदुस्तानी के लिए प्रेरणा



लखनऊ 16 नवम्बर (एजेंसी) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा का अनावरण किया। दोनों नेताओं ने यहां सेक्टर–19 वृंदावन कॉलोनी, पासी चौराहे पर एक समारोह में ऊदा देवी की प्रतिमा का अनावरण किया। शौर्य, त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति वीरांगना ऊदा देवी पासी का रविवार को बलिदान दिवस है। वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 के प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अपने अदम्य साहस व पराक्रम से 36 अंग्रेज सैनिकों को मौत के घाट उतारकर वीरगति का वरण किया था। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इससे पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, स्वाधीनता संग्राम की अमर वीरांगना, अदम्य साहस और पराक्रम की प्रतीक ऊदा देवी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! राष्ट्र की स्वतंत्रता हेतु उनका शौर्यपूर्ण बलिदानी जीवन युगों तक देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा का अनावरण और स्वाभिमान समारोह का उद्घाटन करने के बाद सीएम योगी ने कहा, नारी और वंचित का सम्मान 'डबल इंजन' सरकार का मुख्य ध्येय है और वीरांगना ऊदा देवी हमें याद दिलाती हैं कि नारी शक्ति कितनी सामर्थ्यवान है। उन्होंने कहा, वीरांगना ऊदा देवी न केवल नारी जाति के लिए बल्कि हर हिंदुस्तानी के लिए एक प्रेरणा हैं। इसलिए इस अवसर पर मैं उनकी स्मृतियों को नमन करता हूं। उन्ह्होंने विदेशी हुकूमत की चूलों को हिलाने और अत्याचार का जवाब देने के लिए 16 नवंबर 1857 को उन्ह्होंने 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर कर दिया। उनका नाम भारत के इतिहास में अमर हो गया। योगी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी का बलिदान हमें यह प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भारत माता के हर सपूत को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। अगर आप बेसिक शिक्षा परिषद की पुस्तकों को देखें तो एक अतिरिक्त पुस्तक जिला, क्षेत्र और प्रदेश स्तर पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि वर्तमान पीढ़ी अपने इतिहास को जान सके। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारी सरकार ने तीन नई पीएसी की महिला बटालियन गठित की और तीनों को 1857 की महान वीरांगनाओं के नाम पर रखा। योगी ने कहा, लखनऊ में स्थापित बटालियन का नाम वीरांगना ऊदा देवी के नाम पर ही रखा गया है। वहां पर हमारी सरकार उनके आदमकद प्रतिमा की स्थापना का कार्य कर रही है। गोरखपुर में जो महिला बटालियन गठित हो रही है, उसको वीरांगना झलकारी बाई कोरी के नाम पर और बदायूं में जो बटालियन गठित हो रही है उसे वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम पर रखा गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन वीरांगनाओं ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के सामने अपने शौर्य से उन्हें ध ूल चटाने का कार्य किया। क्रांति की हुंकार भरने के कारण विदेशी हुकूमत ने उन्हें समाज की मुख्यधारा से काटने के लिए अलग–थलग कर दिया। परिणाम यह हुआ कि समाज की मुख्यधारा से कटी कोई भी जाति पिछड़ जाती है और यही स्थिति पासी समाज और अनुसूचित समाज के साथ हुआ। आज 'डबल इंजन' की सरकार इस दिशा में बेहतर पहल कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, "लखनऊ में हमारी सरकार के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का एक स्मारक और सांस्कृतिक केन्द्र के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसमें अनुसूचित जाति से जुड़े हुए छात्रों को शोध करने के साथ–साथ उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था करने जा रहे हैं।

## पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े नार्को-हथियार तंत्र का भंडाफोड़ किया

पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) मामले में पुलिस ने छेहरटा और अमृतसर छावनी थाना में शस्त्र अधिनियम और स्वापक औषधि एवं मनरूप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की हैं।पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक हथियार और नार्को नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से छह आधुनिक पिस्तौल और एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति सोशल मीडिया और ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं के संपर्क में थे।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अमृतसर पुलिस आयुक्तालय ने पाकिस्तान से जुड़े हथियार और नार्को नेटवर्क को ध्वस्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और 1.10 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद किया है।यादव ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी पंजाब में अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की आवाजाही और वितरण में समन्वय के लिए सोशल मीडिया और ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में थे।मामले में पुलिस ने छेहरटा और अमृतसर छावनी थाना में शस्त्र अधिनियम और स्वापक औषधि ा एवं मनरूप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की हैं।

## बिहार में सरकार गठन की उलटी गिनती शुरू,चिराग पासवान बोले- 22 नवंबर से पहले हो जाएगा

***लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने बिहार में सरकार गठन की समयसीमा 22 नवंबर बताई है, जिसमें आज रात तक ब्लूप्रिंट तैयार होने की बात कही गई है। उन्होंने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखने की व्यक्तिगत राय देते हुए, गठबंधन की आंतरिक सहमति और आगामी मंत्रिमंडल विस्तार पर महत्वपूर्ण संकेत दिए हैं।***



पठना 16 नवम्बर (एजेंसी) बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद, अब नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने रविवार को सरकार गठन की समय सीमा को लेकर बड़ा अपडेट दिया है।

चिराग का दावा, आज रात तक ब्लूप्रिंट तैयार हो जाएगा

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए चिराग पासवान ने दावा किया कि राज्य में 22 नवंबर से पहले नई सरकार का गठन हो जाएगा।

चिराग पासवान ने कहा, श्यह जल्द ही हो जाएगा। चर्चा चल रही है। सरकार के ब्लूप्रिंट पर जल्द ही स्पष्टता आ जाएगी। मुझे लगता है कि आज रात तक मैं वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों से भी बात करूंगा और आज या कल तक ब्लूप्रिंट तैयार हो जाएगा। हमें 22 नवंबर से पहले सरकार बनानी है। यह हो जाएगा।श

इसे भी पढ़ेंरू ठपींत में सत्ता की बिसात बिछी, छक। में कैबिनेट शेयरिंग फॉर्मूला हुआ तय

चिराग ने कहा, नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए

इससे पहले, पीटीआई के साथ बातचीत में चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री पद को लेकर भी अपनी राय स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है कि जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए।

# सम्पादकीय

## ओवैसी का करारा तंज़

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में जिस तरह से एनडीए की जीत की सुनामी में महागठबंधन बहा, उसकी उम्मीद दूर–दूर तक किसी को नहीं थी। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि एनडीए के हाथों महागठबंधन की यह करारी और शर्मनाक हार महागठबंधन में शामिल दलों को लंबे समय तक ऐसा राजनीतिक दर्द देगी, जिसे सहन करना उसके लिए आसान नहीं होगा। बहरहाल, एनडीए की ऐतिहासिक और बंपर जीत के बीच बिहार के सीमांचल में ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन की शानदार जीत की चर्चा भले ही न हो रही हो लेकिन अपनी पार्टी की इस जीत पर जहां ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मुखिया और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी गदगद है। ऐसे में उन्होंने तेजस्वी यादव से लेकर अखिलेश यादव पर तीखे तंज किए। विदित हो कि बिहार विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएआईएम ने सीमांचल में चौंकाते हुए 5 सीटों पर जीत दर्ज की है। इनमें से 4 सीटों पर



नफीस जाफरी

पार्टी के प्रत्याशी पिछले चुनाव में जीत हासिल करने के बाद 2022 में आरजेडी में चले गए थे। अपनी पार्टी की इस जीत के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ये जीत उन सभी को एक संदेश है, जो हमें हल्के में ले रहे थे। उन्होंने भाजपा की बी टीम होने के आरोपों पर भी खुलकर जवाब दिया और कहा कि क्या हम कुली या मजदूर हैं जो ये बोझ उठाकर चलते रहें? ये लोग मुसलमानों से आखिर चाहते क्या हैं। क्या हम अपना सिर कटा लें, हाथ काट लें? उन्होंने ये भी कहा कि अब गैर मुस्लिम नेताओं से मुस्लिम मतदाताओं का मोहभंग हो रहा है। विदित हो कि बिहार में ओवैसी की पार्टी ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से 5 सीटों पर जीत दर्ज की और 8 सीटों पर स्पॉइलर की भूमिका निभाई ओवैसी ने कहा कि एमआईएआईएम के बिहार यूथ प्रेसिडेंट आदिल हसन बलराम से महज 351 वोटों से हार गएं 20 साल विधायक रहे सीपीएम के नेता तीसरे नंबर पर आएं ऐसे में हम कह सकते हैं कि हमने काफी बढ़त बनाई हैं आगे हम और भी अच्छा प्रदर्शन करेंगें। वहीं दूसरी ओर ओवैसी ने भाजपा की बी टीम होने के आरोपों पर कहा कि ऐसा आरोप लगाने वाले क्या मुझे बता सकते हैं कि 14 पर्सेंट यादवों को 36 फीसदी टिकट देने वाले क्यों हारे। क्या वो ईमानदारी से कह सकते हैं कि यादवों का वोट न मिलने से हम हार गए? क्या वो कह सकते हैं कि साढ़े तीन प्रतिशत कम्युनिटी वोट रखने वाले को वो डिप्टी सीएम बनाने की बात क्यों कर रहे थे। औवेसी ने कहा कि जैसे वो हार गए, हम भी हार गए। लेकिन असल सवाल ये है कि मुस्लिमों को ही कठघरे में खड़ा क्यों किया जाता है। चुनावों में सिर्फ मुसलमान ही वोट नहीं डालते, बाकी जातियां भी वोट डालती हैं। मेरा कहना है कि जिस दिन हम अधिकारों के साथ नागरिक बन जाएंगे, हमारी समस्याएं सुलझाई जाएंगी, भेदभाव खत्म होगा, आपकी लीडरशिप बन जाएगी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हर बार आप सेक्युलर होने की दुहाई देते हैं लेकिन फिर भी कुछ नहीं करते। इसी के साथ उनका कहना था कि आप भाजपा को हरा क्यों नहीं पा रहे हैं? नरेंद्र मोदी तीन बार पीएम बन गए। बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को फिर बहुमत दे दिया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में अखिलेश यादव का बयान चौंकाने वाला है। वह एसआईआर पर दोष मढ़ रहे हैं और कह रहे हैं कि हम यूपी में यह सब नहीं होने देंगे। उन्हें याद होना चाहिए कि वह लगातार संसदीय और विधानसभा के चुनाव हारते आ रहे हैं। हम जानना चाहते हैं कि वो आखिर मुसलमानों से चाहते क्या हैं। क्या एमआईएआईएम अब पश्चिम बंगाल का चुनाव भी लड़ेगी, इस सवाल पर ओवैसी ने कहा कि अभी इस बारे में कुछ कहना बहुत जल्दबाजी होगी। हम मिलकर बैठेंगे और विचार करेंगे, तब फैसला लेंगे। लेकिन जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो हम जरूर लड़ेंगे, और पहले से ज्यादा सीटों पर लड़ेंगे। हमें उम्मीद है कि चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्या के साथ जो गठबंधन हमने किया है, वह यूपी में भी जारी रहेगा।

# शर्मनाक हार के बाद लालू परिवार में छिड़ी ''महाभारत''



गुलफिशा खान

चुनाव परिणाम के साइड इफेक्ट अब देखने को मिलने लगे हैं। एक तरफ जहां भाजपा में पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह का इस्तीफा हुआ और भाजपा ने कई नेताओं पर कार्रवाई की। वहीं आरजेडी में यह झगड़ा लालू परिवार में हो रहा है। ऐसे में कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि बिहार चुनाव परिणाम में महागठबंधन की करारी हार का असर अब इस गठबंधन की पार्टियों पर साफ तौर पर दिखने लगा है। इस हार के साथ ही लालू प्रसाद यादव के परिवार के भीतर का कलह भी अब और तेजी से बाहर आने लगा है। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर कहा कि मैं सारा दोष अपने ऊपर लेती हूं। उन्होंने अपने इस पोस्ट में संजय यादव और रमीज का जिक्र किया है। रोहिणी आचार्य के इस सोशल मीडिया पोस्ट के बाद राजद के अंदर की कलह और बढ़ने की आशंका है। आपको बता दें कि रोहिणी आचार्य ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं। साथ ही मैं अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। मुझे संजय यादव और रमीज ने जो कुछ करने के लिए कहा है मैं वही कर रही हूं। मैं सभी दोष अपने ऊपर ले रही हूं।

विदित हो कि लालू प्रसाद यादव के परिवार के अंदर चल रही कलह की कहानी कोई नई नहीं है। इस बार के चुनाव से पहले भी लालू यादव परिवार के बीच की खींचतान बाहर आई थी। उस दौरान तेज प्रताप यादव ने राष्ट्रीय जनता दल से खुदको अलग करते हुए अपनी अलग पार्टी बनाई थी। राजद से खुदको अलग करने के बाद तेज प्रताप यादव ने कहा था कि उनके पिता की पार्टी को कई जयचंदों ने हाईजेक कर लिया है।

जहां तक रोहिणी आचार्य का सवाल है तो मालूम हो कि लालू–राबड़ी



की बेटी रोहिणी तेजस्वी से बड़ी हैं और सिंगापुर में रहती हैं उन्होंने ही अपने पिता लालू यादव को अपनी एक किडनी दी और लालू यादव का सिंगापुर में इलाज करवाया। रोहिणी ने 2024 का लोकसभा चुनाव सारण से लड़ा और हार गई, मगर इस विधानसभा चुनाव में उनकी उतनी सक्रियता नहीं दिखाई दी। हां राहुल गांधी के वोट अधिकार यात्रा में वो जरूर कुछ जगहों पर दिखाई दी थीं। मगर इस बार विधानसभा चुनाव में वो राघोपुर में प्रचार करते हुए जरूर दिखाई दीं। जहां से तेजस्वी यादव चुनाव लड़ रहे थे। इस चुनाव के पहले से ही लालू परिवार में कलह सामने आने लगे थे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि सबसे पहले लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप को घर और पार्टी से निकाला तो तेज प्रताप ने नई पार्टी बना लिया और कई जगह अपने उम्मीदवार भी उतारे। तेज प्रताप खुद अपना चुनाव हार गए। मगर हमेशा अपने और परिवार के बीच बढ़ती दूरी के लिए किसी जयचंद की लगातार चर्चा करते रहे। मगर वो जयचंद कौन हैं? इसका खुलासा कभी नहीं किया। मगर अब रोहिणी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में संजय यादव और रमीज का नाम लिया. मीडिया और राजनीतिक जगत में लोग संजय यादव को तो जानते हैं मगर रमीज कौन है यह नहीं जानते। संजय यादव तेजस्वी के करीबी मित्र हैं और इस चुनाव के रणनीतिकार भी रहे, इस चुनाव में गठबंधन से लेकर सीटों के बंटवारे तक या कहें चुनाव से संबंधित सभी फैसले संजय ही करते रहे। यही कारण है कि आरजेडी में आपको उनके दोस्त कम दुश्मन ज्यादा मिलेंगे। लेकिन संजय को नापसंद करने वाले केवल पार्टी में ही नहीं, परिवार में भी थें

पहले तेज प्रताप और अब रोहिणी का इस तरह सोशल मीडिया पर लिखना यह दिखाता है कि विधानसभा चुनाव की इस हार ने लालू यादव परिवार में भी गहरा जख्म दिया है। और इस सबके बीच लालू यादव क्या सोच रहे होंगे। यह किसी को मालूम नहीं। रोहिणी ने लालू यादव को अपनी किडनी देकर पूरे बिहार में जो उदाहरण पेश किया है वो अपने आप में तारीफ के क़ाबिल है। पटना में शाम को जब लालू यादव घूमने निकलते हैं तो साथ में रोहिणी और उनके बच्चों को भी देखा जाता है। लालू यादव परिवार में संजय को लेकर जो महाभारत छिड़ा है उस पर तेजस्वी क्या कहते है या क्या करते है वो देखने वाली बात होगी।

तो वहीं दूसरी ओर मीडिया की खबर के मुताबिक, रमीज भी तेजस्वी का पुराना दोस्त है और संजय यादव की टीम का अहम हिस्सा है। रमीज का परिवार उत्तर प्रदेश की राजनीति से ताल्लुक रखता है। हालांकि यह बात पुख्ता नहीं है कि रोहिणी आचार्य ने जिनका नाम लिया है, ये वही रमीज है। कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि रोहिणी तेजस्वी के साथी संजय यादव की हरकतों से नाराज क्यों हैं? ऐसा कहा जा रहा था कि रोहिणी कह रही थीं कि संजय यादव को आप सांसद या विधायक बना दीजिए, लेकिन लालू जी कुर्सी पर नहीं बैठा सकते, बस यही बात रोहिणी की नाराजगी का कारण था। यही बात इनके समर्थकों को भी नागवार गुजरा और लालू परिवार का विवाद अब सड़कों पर देखने को मिल रही थी। तेजस्वी की मौजूदगी में ही रोहिणी जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे।

# औवेसी-मायावती को राहत, लेकिन पीके क्यों हुए ख़ारिज़?



शबाब हुसैन

बिहार का विधानसभा चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक रहा. 2010 के बाद एनडीए ने राज्य में इतनी बड़ी जीत दर्ज की है। वहीं, आरजेडी और कांग्रेस की ऐसी हालत भी लंबे समय बाद हुई है। बिहार में जनता ने वोटों की ऐसी सुनामी चलाई कि महागठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला तो एनडीए और महागठबंधन के बीच ही था। वहीं पीके की पार्टी जन सुराज तीसरे विकल्प के रूप में उभरने की जी जान से कोशिश कर रही थी. लेकिन उसका भी सूपड़ा साफ हो गया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों को मोट तौर पर देखें तो यह साफ है कि प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज खाता तक नहीं खोल सकी। लेकिन क्या बिहार के लोगों ने प्रशांत किशोर को नकार दिया है? यह एक बड़ा सवाल है। प्रशांत किशोर का अगला कदम क्या होगा, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन बिहार के नतीजों को गौर से देखें तो यह साफ है कि जन सुराज ने कई सीटों पर ठीक–ठीक वोट हासिल किए। यह ठीक–ठाक वोट प्रतिशत में तो नहीं दिखेगा लेकिन सीट वाइज



रिजल्ट खंगालने पर साफ तौर पर दिखता है। बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारने का दावा करने वाली जन सुराज 238 सीटों पर चुनाव लड़ी। कई सीटों पर पीके के प्रत्याशी नाम घोषित होने के बाद मैदान छोड़ कर भाग गए। कुछ सीटों पर भाजपा को समर्थन भी दे दिया।

जनसुराज भले ही बिहार चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी हो लेकिन आरजेडी को बड़ा दर्द जरूर दिया है। आरजेडी के वोट बैंक में पीके की पार्टी ने सेंध जरूर लगा दी है। मालूम हो कि दूसरी तरफ इस चुनाव में पीके से कम चर्चा में रहे असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने चैन की सांस ली है। ओवैसी की पार्टी ने आरजेडी से पिछले चुनाव का बदला ले लिया है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जीते 5 में से चार विधायकों को आरजेडी ने अपने खेमे में कर लिया था। ऐसे में ओवैसी ने सीमांचल की 6 सीटों पर अपना प्रभाव बरकरार रखा है। कुछ सीटों पर पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जिससे ऐसा लग रहा है कि ओवैसी ने तेजस्वी की चॉकलेट छीन ली है। तमाम पुराने जख्मों को भुलाकर ओवैसी अपनी पार्टी को महागठबंधन में शामिल कराना चाहते थे। वह सिर्फ 6 सीटें मांग रहे थे। लेकिन, तेजस्वी ने 6 सीट देने से भी इनकार कर दिया। आज हालत यह है कि सीमांचल की 5 सीटों पर ओवैसी की पार्टी ने मजबूत पकड़ बनाई है। सीमांचल में तेजस्वी को डबल झटका लगा है। यहां की 5 सीटों पर जहां ओवैसी की पार्टी जीत गई है। वहीं कुछ सीटों पर एनडीए आगे रही। मतलब महागठबंधन का रास्ता इन्हीं पार्टियों ने ब्लॉक कर रखा है।

तो वहीं इधर अगर मायावती की बात करें तो इसके साथ ही बिहार की रामगढ़ सीट को हाथी ने अपने पांव तले सबको कुचल दिया। इस सीट पर बीएसपी जीत गई। मतलब मायावी की बीएसपी के लिए यह खुशी की खबर है। यहां बसपा ने आजरेजी और भाजपा दोनों को पछाड़ दिया।

# नीतीश के जादू ने किया कमाल



Cढ़ती उम्र में भी नीतीश कुमार के फौलादी फैसलों ने बिहार विधानसभा चुनाव में समीकरण बदल दिये। इससे विपक्ष ही हतप्रभ नहीं है बल्कि सत्तापक्ष भी जोड़–घटाना करने में लग गया है। पिछले विधानसभा चुनाव अर्थात 2020 में नीतीश कुमार की पार्टी को सिर्फ 43 विधायक मिल पाये थे। भाजपा और राजद आगे निकल गये थे। उसी आकलन पर इस बार कहा जा रहा था कि नीतीश को क्या फिर से सीएम की कुर्सी सौंपी जाएगी? मतदान से पहले भाजपा ने भी नीतीश कुमार को मुख्य चेहरा बताया था लेकिन सीएम घोषित नहीं किया था। अब 243 में 85 सीटें जीतकर नीतीश कुमार ने साबित कर दिया कि आखिर किंगमेकर वही हैं और रहेंगे। भाजपा इस बार सबसे बड़ी पार्टी जरूर बन गयी लेकिन 89 सीटें पाकर जद(यू) से सिर्फ 4 सीटें ज्यादा ला पायी है। समीकरण ऐसा बना था कि भाजपा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) 122 विधायक जुटा सकती है। ऐसा नहीं हो पाया। चिराग पासवान की पार्टी को 19 विधायक मिले हैं। जीतनराम मांझी भी 5 सीटें जीतने में सफल रहे जबकि उपेन्द्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 4 विधायक मिले हैं। इस प्रकार नीतीश कुमार ने अपना पलड़ा इतना मजबूत कर दिया है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके अलावा अन्य किसी को नहीं मिलेगी। विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नीतीश कुमार के आवास की सुरक्षा बढ़ी दी गयी है। यह भी संकेत देता है कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनने वाले हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जदयू ने इस बार के चुनाव में शानदार वापसी की है। विपक्ष के सत्ता विरोधी लहर का शोर, उम्र और राजनीतिक थकान के साथ ही अपने ही गठबंधन के भीतर कमजोर प्रदर्शन की बातों को झुठलाते हुए नीतीश ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है और भाजपा को इस बात के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर किंगमेकर वही हैं और रहेंगे। भाजपा के साथ कदमताल करती हुई जेडीयू 85 सीटों पर आगे बढ़कर एक निर्णायक स्थिति में पहुंच गई है। नीतीश की पार्टी ने जहां 2020 के चुनाव में मात्र 43 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार उसने बड़ा उलटफेर करते हुए चुनाव में पूरी बाजी ही पलट दी है। इस बार के चुनाव में मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए नीतीश कुमार अपनी सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा से गुजर रहे थे। गठबंधन के सहयोगियों की बातें कि कम सीटें रहते हुए हमने बड़ा दिल दिखाया और नीतीश जी को सीएम बनाया। सीएम का फेस घोषित नहीं करने के बावजूद नीतीश गठबंधन में बने रहे। अपनी नाराजगी भी जताई और साथ चुनाव प्रचार भी नहीं किया। अकेले ही जनता के बीच जाते रहे और अपनी बात रखते रहे। बारिश के कारण जहां तेजस्वी चुनाव प्रचार में नहीं गए, नीतीश बारिश की परवाह किए बिना चुनाव प्रचार करने निकले।

नीतीश कुमार की उम्र को लेकर कई तरह की बातें कही गईं। उनके स्वास्थ्य को लेकर तंज कसे गए, उनकी दिमागी हालत को खराब बताया गया। कई तरह की बातें की गईं लेकिन नीतीश अपना काम वैसे ही करते रहे जैसा वे करते आ रहे थे। जनता के बीच सुशासन बाबू के रूप में जाने जाने वाले नीतीश पर लगातार गठबंधन बदलने का आरोप लगाते हुए संशय जताया जाता रहा कि वे फिर से पलट जाएंगे, लेकिन जनता ने साबित कर दिया कि वो उनपर कितना भरोसा करती है। इस बार सीट शेयरिंग में भाजपा ने जदयू के साथ 101–101 सीटों पर बराबर सीटों का समझौता किया और ये भी जता दिया कि पीएम मोदी का ब्रांड से काम चल जाएगा और इसे लेकर नीतीश को कम तवज्जो देने की कोशिश की गई लेकिन नीतीश ने इन सबको झुठलाते हुए अपना जादू बिखेरा और पूरा गेम पलट दिया।

नीतीश कुमार सभी जातियों और धर्मों को साथ लेकर चलते हैं और इसके साथ ही बिहार की महिला मतदाताओं के बीच काफी मजबूत पकड़ रखते हैं। सत्ता में लगभग दो दशक बाद भी नीतीश की एक मजबूत नेता की छवि बरकरार है और उनकी उम्र, स्वास्थ्य और कथित राजनीतिक थकान को लेकर उठाए गए सवालों के बावजूद बिहार की जनता आज भी उन्हें पसंद करती है। नीतीश का शासन मॉडल उनकी राजनीतिक संगति से ज़्यादा मायने रखता है।

इसीलिए नीतीश कुमार पर जनता ने एक बार फिर ऐतबार जता दिया। राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में से एक बिहार की बात करें, तो इस बार यहां चुनाव इसलिए खास रहे क्योंकि यहां नीतीश कुमार लंबे समय से सत्ता में हैं। वे 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कहने पर बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। बाद के वर्षों में उन्होंने गठबंधन बदले, लेकिन सत्ता उनके इर्द–गिर्द ही रही। अब तक वे कुल नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं।

इस बार बड़ा सवाल यह था कि क्या नीतीश कुमार सत्ता विरोधी लहर का सामना कर पाएंगे? इस बार उनकी पार्टी जनता दल–यूनाइटेड 101 सीटों पर चुनाव में उतरी थी। महागठबंधन शुरुआत में यह दबाव बनाने में कामयाब रहा कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया जा रहा है। नतीजतन, भाजपा के बड़े नेताओं ने बार–बार यह कहकर नीतीश के नेतृत्व पर मुहर लगा दी कि जीत के बाद तो वे ही विधायक दल के नेता चुने जाएंगे।बिहार में इस बार दो चरण में मतदान हुआ। पहले चरण में 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान हुआ। कुल 65.08 फीसदी वोट पड़े। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटें पर मतदान हुआ। कुल 69.20 फीसदी वोट पड़े। इस तरह दोनों चरणों को मिलाकर देखा जाए, तो इस बार कुल मतदान 67.13 फीसदी मतदान हुआ। यह सिर्फ एक सामान्य आंकड़ा नहीं है क्योंकि बिहार के अब तक के चुनाव इतिहास में इतना ज्यादा मतदान कभी नहीं हुआ।

बिहार में नीतीश कुमार की जीत का बड़ा कारण महिलाएं मानी जाती रही हैं। लड़कियों को साइकिल देने से लेकर महिलाओं के खाते में सीधे 10 हजार रुपये भेजने तक की योजनाओं का नीतीश को फायदा होता रहा। इस बार चुनाव से ऐन पहले नीतीश कुमार ने करीब डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेज दिए। इसे चुनाव का बड़ा गेमचेंजर माना गया। मतदान के दौरान इसका असर भी तब दिखाई दिया, जब दोनों ही चरणों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बढ़–चढ़कर वोट डाला। पुरुषों की तुलना में पहले चरण में 7.48 फीसदी और दूसरे चरण में 10.15 फीसदी अधिक महिलाओं ने वोट किया। बिहार के 38 जिलों में से 37 जिलों में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत ज्यादा रहा। सिर्फ पटना में पुरुषों ने महिलाओं से ज्यादा वोटिंग की। पहले चरण के लिए नामांकन की आखिरी तारीख तक महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की स्थिति साफ नहीं थी। कई सीटों पर गठबंधन में शामिल दो–दो दलों के उम्मीदवार आमने–सामने थे। इस देरी का फायदा एनडीए को मिला। ¼fgQ½

## सरकार से समाज तकः हिमाचल की नशामुक्तिमुहिम बनी जनआंदोलन

उस मां पर क्या बीत रही होगी, जिसका एक बेटा मात्र 19 वर्ष में नशे की ओवरडोज से मर गया। बाद में पता चला कि जिस स्कूल में वह पढ़ता था, वहां दूसरे प्रदेशों के लोग सामान की फेरी लगाने के बहाने बच्चों को चरस देते थे। इसी जाल में हिमाचल जैसे करीब 78.54 लाख जनसंख्या वाले प्रदेश में 15 से 25 साल तक के युवाओं को टारगेट करके नशे की सप्लाई के खुलासे रौंगटे खड़े करने वाले हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने जब इस विषय में नकेल कसी तो खौफनाक मंजर सामने आए। मात्र डेढ़ वर्ष में 1000 किलो चरस जिस राज्य में पकड़ी जाए, 35 किलो हैरोइन, 90 किलो अफीम, वहां का युवा किस दिशा में जा रहा होगा, यह बेहद चिंताजनक है। प्रदेश में सुखविंदर सुक्खू ने इस मामले की कमान बतौर गृहमंत्री खुद संभाली है। जो मास ड्राइव चली है, उसके अभी तक जो नतीजे आए हैं वे और भी खेदजनक हैं क्योंकि जिन सरकारी कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों पर सुरक्षा का जिम्मा है, वही इस घिनौने कृत्य को अंजाम दे रहे हैं। एक वर्ष में प्रदेश सरकार के 80 कर्मचारियों को सजा मिलने का मतलब है कि कैसे यह ड्रग माफिया सरकारी पदों की आड़ में छोटे–छोटे बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। न जाने कितने घरों के चिराग बुझ गए या फिर युवा बोझ बन गए। सरकार द्वारा डेढ़ वर्ष में की गई कार्रवाई का आकलन करें तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश की बेटियों तक को योजनाबद्ध टारगेट किया जा रहा है। चिंता बस यही नहीं है, बल्कि जिन सुइयों से यह नशे के इंजेक्शन लगा रहे हैं, उनसे बच्चों में एच.आई.वी. रोग फैल चुका है। अब सरकार के सामने एक और संकट यह आ गया कि एच. आई.वी. रोग को बढने से कैसे रोकें। नशा कैसे पहुंचता है, कैसे बिकता है, कैसे इससे लोग धन कमाते हैं, यह पूरे प्रदेश में अलग केस स्टडी है। डेढ़ वर्ष में 1500 लोगों को एन.डी.पी.एस. एक्ट में पकड़ा गया। इन लोगों ने चरस व अफीम बच्चों को बेचकर 100 करोड़ रुपए की संपत्ति बना ली थी। आप समझ सकते हैं कि यह कारोबार कैसे फल–फूल रहा था। हालत यह हो गई कि सरकार को सिरमौर में महिलाओं व बेटियों के लिए अलग से 100 बिस्तरों वाला नशा निवारण होस्टल खोलना पड़ा। राज्य के डी.जी.पी. अशोक तिवारी भी इस मसले पर खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। टीम सुक्खू इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ अपराधियों को पकड़ रही है, बल्कि युवाओं को सही राह की ओर ले जाने के लिए अलग–अलग योजनाएं चला रही है और नशे के सेवन व तस्करी के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। नशे में लिप्त युवाओं को उपचार के बाद पुनर्वास के लिए रोजगार के उचित अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वहीं नशे के आदी लोगों के पुनर्वास के लिए मजबूत कानून–व्यवस्था के तहत सरकार ने हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध(निवारण एवं नियंत्रण) विधेयक, 2025 पारित कर नशा तस्करों को मृत्यु दंड, आजीवन कारावास और 10 लाख रुपए जुर्माने के अतिरिक्त अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति को कुर्क करने का प्रावधान किया है। इसके अतिरिक्त, नशामुक्ति, पुनर्वास, निवारक शिक्षा एवं आजीविका सहायता के वित्त पोषण के लिए एक राज्य कोष की स्थापना का प्रावधान भी किया गया है।प्रदेश सरकार द्वारा कुल्लू, ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में पुरुषों के लिए चार व रैड क्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा महिलाओं के लिए एक नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। गत वर्ष राष्ट्रीय नशा निवारण अभियान के अंतर्गत सभी जिलों के 5,545 गांवों और 3,544 शैक्षणिक संस्थानों में 5,26,372 लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। बच्चों में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों और दुरुपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूली पाठ्यक्रम में एक अध्याय शामिल करने का निर्णय लिया है, जिसकी प्रदेश सरकार पंचायत स्तर पर मैपिंग कर रही है।

# बिहार में एनडीए की गर्दा जीत!

बिहार विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिली जीत केवल ऐतिहासिक ही नहीं, बल्कि अप्रत्याशित भी है। इस गर्दा जीत ने विपक्ष के अरमानों को मिट्टी में मिला दिया है। साथ ही इस के राष्ट्रिय राजनीति पर भी दूरगामी असर होने के आसार हैं क्योंकि जैसी जीत मिली है, इसकी कल्पना न तो राजनीतिक पंडितों ने की थी और न ही सर्वेक्षणों ने। ज्यादातर एग्जिट पोल्स में भाजपा जेडीयू गठबंधन की जीत का अनुमान तो था, लेकिन 150 सीटों के आसपास था। परंतु जनता ने इन अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए एनडीए को 200 से अधिक सीटें देकर एक व्यापक जनादेश का संदेश दे दिया। यह जीत बताती है कि इस बार बिहार का मतदाता जाति–धर्म जैसे पारंपरिक समीकरणों से ऊपर उठकर मतदान की नई परिभाषा लिख रहा है। निःसंदेह बिहार के निवासियों ने सुशासन और विकास के नाम पर वोट दिया है। बिहार लंबे समय से जातीय समीकरणों की प्रयोगशाला माना जाता रहा है, लेकिन इस चुनाव में जनता ने एक स्पष्ट संदेश दिया है वे जाति और धर्म के दायरे से बाहर निकलकर मतदान करने को तैयार हैं, यदि विकल्प स्थिरता, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व का हो। बिहार की चुनावी राजनीति में यह शायद दुर्लभ क्षण है जब जनता ने एकध्रुवीय रूप से किसी गठबंधन पर इतना बड़ा भरोसा जताया हो। बीजेपी–जेडीयू की जोड़ी पर लोगों ने जिस मुहर को लगाया है, वह बताती है कि बिहार में राजनीतिक भावनाएं बदल रही हैं और नेतृत्व की स्थिरता और सरकार की निरंतरता लोगों के लिए अधिक महत्वपूर्ण हो चुकी है। इसलिए बिहार के नतीजे सिर्फ एक चुनावी जीत या हार का मामला नहीं है, बल्कि राज्य की बदलती राजनीतिक मनोवृत्ति और मतदाताओं की प्राथमिकताओं में आए बुनियादी बदलाव का संकेत हैं। कई राजनीतिक विश्लेषक इसे नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर का विदाई चुनाव बता रहे हैं, जिसे लोगों ने सम्मान उपहार की तरह स्वीकार किया, लेकिन सच्चाई इससे कहीं गहरी है।

यह जीत बिहार के नए सामाजिक समीकरणों की कहानी कहती है, वहीं महागठबंधन की हार उसकी संगठनात्मक नाकामी, नेतृत्व संकट और जमीनी असंतुलन को उजागर करती है। इस चुनाव में एनडीए की जीत के कारणों पर प्रकाश डालने पर पता चलता है कि इसमें महिलाओं का रिकॉर्ड मतदान रहा है। पुरुषों से 9 प्रतिशत अधिक महिलाओं का वोट डालना बिहार की राजनीति में एक मौन क्रांति जैसा है। नीतीश कुमार की महिला रोजगार योजना के तहत दिए गए 10,000 रुपये ने इस क्रांति को राजनीतिक दिशा दी। यह सिर्फ आर्थिक लाभ नहीं था, बल्कि महिलाओं के लिए सम्मान और आत्मनिर्भरता का अनुभव भी था। तेजस्वी यादव ने महिलाओं को 30,000 रुपये की एकमुश्त सम्मान राशि देने का वादा जरूर किया, लेकिन मतदाताओं ने आज के लाभ को कल के वादे से अधिक विश्वसनीय माना। यही बदलाव इस चुनाव का पहला और निर्णायक राजनीतिक संदेश है। बिहार की राजनीति में नीतीश ऐसा नाम हैं जो अनुमानित नहीं, बल्कि अप्रत्याशित होते हैं। एक बड़ा वर्ग नीतीश को प्रशासनिक स्थिरता और सुशासन का पर्याय मानता है। यदि यह उनका आखिरी चुनाव रहा हो, तो जनता ने उन्हें अत्यंत मजबूत जनादेश के साथ विदाई देना चुना है।

एक और बड़ा कारण प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की भूमिका रही। दोनों नेताओं ने बिहार के राजनीतिक मानस को समझते हुए ऐसे मुद्दे उठाए जो सीधे जनता की भावनाओं और चिंताओं से जुड़े थे, जंगलराज की वापसी का डर, विकास की रफ्तार, कानून व्यवस्था और स्थिर सरकार की आवश्यकता। पीएम मोदी की रैलियों की भीड़ और शाह के संगठनात्मक कौशल ने माहौल को एनडीए के पक्ष में मोड़ दिया। बिहार की जनता के मन में मोदी का भरोसा पहले से ही मजबूत है और इस बार के प्रचार ने उसे और मजबूत कर दिया।

# विहिप ने बिरसा मुंडा की मनाई 150 वीं जयंती




न्यूज वाणी ब्यूरो

गोण्डा। विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य मे जिला मंत्री के नेतृत्व में गोष्ठी एवं पुष्पांजलि समर्पण का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके द्वारा समाज में किए गए कार्य, प्र.ति की रक्षा हेतु हमें क्या-क्या कदम उठाने चाहिए। विहिप पदाधिकारियों ने बिरसा मुंडा जी को नमन करते हुए बताया कि हम लोगों को उनसे यह सीख अवश्य लेनी चाहिए कि धर्म की रक्षा हेतु शस्त्र उठाना आवश्यक है। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष, दीपेंद्र प्रताप जिला संगठन मंत्री, बब्लू वर्मा जिला मंत्री, विहिप, विपिन पाण्डे जिला सह मंत्री, विहिप आनंद वर्मा प्रचार प्रसार प्रमुख देव प्रकाश त्रिपाठी जिला संस्कार प्रमुख, नीतीश वर्मा जिला गौशाला संपर्क प्रमुख, विजय वर्मा प्रखण्ड अध्यक्ष, इंझरी, सुमित श्रीवास्तव गौरक्षा प्रमुख, विहिप शिवा सिंह, विहिप, विनोद गौतम, विहिप एवं विहिप बजरंग दल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में मिली 53 शिकायतें, एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं का अंबार लगा रहा। उप जिलाधिकारी राखी वर्मा की अध्यक्षता में हुए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। फरियादियों को त्वरित राहत देते हुए, इनमें से 9 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कर दिया गया। शेष बची 44 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के सुपुर्द किया गया है। लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई एसडीएम राखी वर्मा एसडीएम राखी वर्मा ने इस दौरान सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सभी लंबित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरता से कार्रवाई करने को कहा। मौके पर निस्तारण से संतुष्ट दिखे फरियादी संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे थे। कुछ शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण होने से लोगों ने संतुष्टि व्यक्त की, जिससे समाधान दिवस के उद्देश्य की पूर्ति हुई।

# एसपी ने खीरी थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रविवार को थाना खीरी का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प



डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने थाने की साफ-सफाई और व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।एसपी ने अपराध रजिस्टर, आदेश पुस्तिका, छठॅ/कुर्की रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर सहित सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टर्स को अद्यावधिक रखने और रिकॉर्ड को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए एसपी ने महिला हेल्प डेस्क व मिशन शक्ति केंद्र की भी समीक्षा की। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं को समयबद्ध तरीके से गुण-दोष के आधार पर निस्तारित करने, मुकदमाती माल एवं जब्त वाहनों के विधिक निस्तारण को गति देने के लिए भी निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने अपराध रोकथाम के मद्देनजर प्रभावी गश्त बढ़ाने, रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने और घुमक्कड़ अपराधियों पर अंकुश के लिए पैदल गश्त व एंटी रोमियो दलों की सक्रियता बढ़ाने के आदेश दिए। शीतकाल में बढ़ने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एसपी ने वाहनों पर रेट्रो-रिलेक्टिव टेप लगवाने, चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करने और रात में विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक खीरी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेकाबू कार ने फायर स्टेशन की बाउंड्रीवाल तोड़ी, चार युवक घायल



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में शनिवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रतार से दौड़ रही एक कार अचानक बेकाबू होकर फायर स्टेशन और पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कार्यालय की बाउंड्रीवॉल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाउंड्रीवॉल का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया और कार सीधे अंदर जा घुसी। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रतार बनी काल, मोड़ पर हुआ नियंत्रण से बाहर यह दुर्घटना लहरपुर तहसील मार्ग पर हुई। बताया जा रहा है कि तहसील की ओर से आ रही कार तीव्र मोड़ पर चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन की रतार काफी अधिक थी, जिसके चलते मोड़ आते ही कार सीधे फायर स्टेशन की बाउंड्रीवॉल से जा भिड़ी। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल युवकों को कार से बाहर निकाला। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया गया। दो गंभीर घायलों को लखनऊ किया गया रेफर घायलों की पहचान नाजिम (23), शारिक (16) (दोनों निवासी मोहल्ला बसैहिया टोला), रजी (24) निवासी मितौली लखीमपुर, और इकराम (18) बसैहिया टोला के रूप में हुई है। डॉक्टरों ने जांच के बाद पाया कि नाजिम और शारिक की हालत अत्यंत गंभीर है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, दोनों को पहले लखीमपुर खीरी के ओयल ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन, वहां भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है। अन्य दो घायल युवक, रजी और इकराम को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति सामान्य होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने शुरू की जांच, इलाका ब्लैक स्पॉट दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, वहीं फायर स्टेशन और सीओ कार्यालय की बाउंड्रीवॉल भी पूरी तरह टूट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर हादसे के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मोड़ अक्सर तेज रतार के कारण दुर्घटनाओं का कारण बनता है, और इसे एक तरह का ब्लैक स्पॉट माना जाता है। पुलिस अब दुर्घटना के सही कारणों का पता लगा रही है।

# महिला थाने पर दस जोड़े परिवार की काउंसलिंग कराकर टूटने से बचाया



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान जनपद में चलाया जा रहा है, जिंसके अन्तर्गत थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला ने काउंसलर के सहयोग से अभियान चला कर महिलाओं को जागरूक किया। बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक काउंसलर कय्यूम जरवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थनापत्रों में काउंसलिंग की गयी है। जनपद के थाना लहरपुर के अन्तर्गत ग्राम अम्बा निवासी अनीता ने अपने पति गुड्डू के विरुद्ध देकर शराब पीकर नशे में धुत होकर मारने पीटने का आरोप लगाया था। दोनों पति-पत्नी के संसर्ग से 04 बच्चे भी है। दोनों में लड़ाई झगडा होता रहता था। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ने उक्त मामले के पक्षकारों को बुलाकर सुलह समझौता कराने के निर्देश महिला आरक्षी बबली पवार को दिया था। महिला आरक्षी बबली पवार ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर थाना प्रभारी व काउंसलर के समक्ष उपस्थित कराकर काउंसलिंग कराई जिस पर दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए तैयार होकर पुनः पति अपनी पत्नी और बच्चे को अपने साथ ले गया। थाना कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम मीरपुर निवासी राजकुमारी व ग्राम टीकापुरवा रहने वाले राहुल वर्मा का बिबाह दस वर्ष पूर्व हुआ था। दोनों के संसर्ग से एक बच्चे भी हैं। आपसी कलह होने के कारण राजकुमारी लगभग 06 वर्ष से अपने मायके रही थी। दोनों में आपसी सामंजस्य अच्छा नहीं था। राजकुमारी ने अपनी शिकायत देकर शिकायत की उसका पति उसको मेल व फोन द्वारा प्रताड़ित करता था आज प्रातः फोन करके मानसिक प्रताड़ित किया है। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना से की थी जिस पर महिला आरक्षी सुमन लता को दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह समझौता के उपस्थित कराने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ने दिया था। जिस पर महिला आरक्षी सुमनलता ने पक्षकारों को महिला थाने पर बुलाया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व काउन्सलर के समक्ष कराया गया पति के द्वारा पुनः कभी प्रताड़ित न करने के आश्वासन पर पत्नी राजकुमारी ने कोई कार्रवाई पति पर नही की है। थाने पर हुई बैठक में काउन्सलर के सहयोग से 10 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है। 05 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है। इस अवसर पर महिला थाने की महिला आरक्षी सुमन लता, बबली पवार, सारिका चौहान एवं पक्षकारों के परिवारिजन भी उपस्थित रहे। जिन्हें अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं के हेल्पलाइन नंबर अन्य योजना कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित पेंशन योजना, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# पुराने शहर में एसआईआर प्रक्रिया के लिए जगह-जगह लगे कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। पुराने सीतापुर क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग मोहल्लों और गलियों में एसआईआर फॉर्म प्रक्रिया के लिये विशेष कैंप लगाए गए। सुबह से बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपने-अपने फॉर्म की जाँच, सत्यापन और दस्तावेज मिलान कराने पहुँचे। महफिल गेस्ट हाउस में आयोजित प्रमुख कैंप में काजियारा वार्ड के सभासद रिजवान खान, तरीनपुर शहर के सभासद नितिन सिंह, पूर्व सभासद शमीम बेग सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने अपने-अपने वार्ड की मतदाता सूची का मिलान किया और जिन लोगों के नाम सूची में दर्ज नहीं थे, उन्हें आगे की प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बीएलओ (बेसिक लिस्टिंग अधिकारी) और सभासद प्रतिनिधियों ने मिलकर लोगों के फॉर्म भरने, दस्तावेज मिलान करने और सत्यापन की प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुव्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। कई लोग अपने पुराने वोटर कार्ड लेकर आए थेय उनका मिलान कर स्थिति स्पष्ट करने में सहायता ली गई। कैंप में उपस्थित अधिकारियों और आयोजकों ने स्थानीय नागरिकों को फॉर्म भरने की सही विधि, आवश्यक दस्तावेज तथा सबमिशन की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही आम लोगों से अपील की गई कि वे समय पर पहुँचकर अपने और अपने परिवार की मतदाता सूची ध्यान से जाँचें तथा यदि आवश्यक हो तो सही तरीके से एसआईआर फॉर्म भरकर बीएलओ के माध्यम से सबमिट कराएँ। स्थानीय निवासियों ने ऐसे कैंपों की सराहना की और कहा कि इससे मतदाता विवरणों में सुधार करना सरल व त्वरित होता है। आने वाले चुनावी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी।

# महायज्ञ की पूर्णाहुति में उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## - इटावा में होगी गुरुकुल की स्थापना और अगला महायज्ञ फिरोजाबाद में
## - यज्ञशाला स्थल पर आयोजित भंडारे में आकर भक्तप्रसाद ग्रहण करें

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। इष्टिकापुरी की पवित्र धरती रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी जब 1108 कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीतांबरा महायज्ञ की पूर्णाहुति विधि-विधान से, सौम्य गरिमा और दिव्य माहौल के बीच सकुशल संपन्न हुई। आज की पूर्णाहुति में हवनार्थी श्रद्धालुओं का प्रातःकाल से ही सैलाब उमड़ पड़ा और घंटों तक उनके आने एवं जाने का तांता लगा रहा जिन्होंने एक साथ यज्ञशाला में उपस्थित होकर आहुतियाँ अर्पित कीं और माँ पीतांबरा, भगवान मृत्युंजय, समस्त देवशक्तियों पितरों तथा गुरुओं के प्रति अपनी गहन श्रद्धा समर्पित की। इटावा के धर्म प्रेमीजनों के उत्साह और सहयोग को देखते हुए इस अवसर पर यज्ञाधीश श्री रामदास जी महाराज ने इटावा में एक बड़ा गुरुकुल खोले जाने की भी घोषणा की। कन्नौज के कद्दावर भाजपा नेता सुब्रत पाठक ने भी पूर्णाहुति में भाग लिया, जिन्होंने बिधूना और कन्नौज में हुए महायज्ञों में भी बहुत सहयोग किया था। पूज्य सद्गुरुदेव भगवान श्री रामदासजी महाराज ने इटावा की धर्मनिष्ठ और भावपूर्ण जनता को विशेष आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसा विशाल और अद्वितीय आयोजन तभी सम्भव होता है जब जनता अपने नगर एवं धर्म के प्रति समर्पित भाव से खड़ी होती है। पूर्णाहुति के तुरंत बाद सद्गुरुदेव की परंपरा के अनुसार छोटी कन्या द्वारा पर्ची निकालकर अगले महायज्ञ के स्थान का निर्धारण किया गया, जिसमें अगला महायज्ञ जनपद फिरोजाबाद में संपन्न होने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में योगी राकेशनाथ जी ऋषिकेश, महामंडलेश्वर शिवम शंभू महाराज,पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा, संघ के विभाग संचालक विनोद चंद्र पांडेय उनकी धर्मपत्नी शारदा पांडे, सह विभाग संघ चालक राम नरेश शर्मा भी शामिल हुए। यह महायज्ञ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि इष्टिकापुरी की आत्मा को ऊर्जाधान करने वाला, उसके वातावरण को पावन करने वाला और समाज के सामूहिक भाव को एकजुट करने वाला दिव्य अनुष्ठान रहा। यज्ञ की अग्नि में समर्पित प्रत्येक आहुति ने नगर के आध्यात्मिक तेज को बढ़ाया, वायुमंडल को शुद्ध किया और जन-मन के भीतर से विकारों को शांत कर, सौभाग्य, आरोग्य और समृद्धि का आह्वान किया। यज्ञ का यह प्रभाव केवल आज तक सीमित नहीं रहता। यह भूमि समाज और वंश, तीनों को दीर्घकाल तक कल्याणकारी फल देता है। इस पावन आयोजन के समापन के उपरांत 17 नवंबर को यज्ञशाला स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें सभी भक्त, नागरिक एवं परिवार सादर आमंत्रित है। इष्टिकापुरी की अस्मिता, श्रद्धा और भक्ति का यह विराट उत्सव आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्मरणीय रहेगा। पूरे अनुष्ठान को संपन्न बनाने में नीरज तिवारी, जनमेजय सिंह भदौरिया, पंकज तिवारी बबलू मेहंद्रा, डा. जेके तिवारी, डा. राजीव त्रिपाठी, अजय दीक्षित, अल्लू ठाकुर, अमित दीक्षित, मुन्ना मिश्रा, पूनम पाण्डेय, नमिता तिवारी, निशा गुप्ता, चित्रा परिहार, प्रीती दुबे, कुलदीप अवस्थी, धर्मेंद्र मिश्रा, विपिन तिवारी, बंटी वाजपेई, मनोज पाण्डेय, कुक्कू राजौरिया, अनिकेत श्रीवास्तव मयंक बिधौलिया व रोहित चौधरी का विशेष सहयोग रहा।

# पंचमुखी मंदिर में नशा-मुक्तयुवा विकसित भारत समृद्धि योजना कार्यक्रम संपन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर के केशरिगंज स्थित पंचमुखी मंदिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल लहरपुर इकाई द्वारा नशा-मुक्त युवा विकसित भारत समृद्धि योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की और नशामुक्त राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभाव, समाज पर उसके बढ़ते खतरे और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीओ तथा कोतवाल ने युवाओं को समाजहित में सक्रिय रहने, नशे के खिलाफ अभियान को मजबूती देने और कानून एवं अनुशासन के प्रति सजग रहने की अपील की। संगठन की ओर से जिला संयोजक अनुज भदौरिया, नगर मंत्री राज शुक्ला, प्रखंड संयोजक शिवम् पाधा, सहसंयोजक अमन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सहयोग का संकल्प लिया। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक अभियानों की सराहना की।

# शादी की तैयारी कर रहे युवक समेत दो की सड़क हादसे में मौत



न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। जिले में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में सिधौली मार्ग पर ग्राम काशीपुर के पास गन्ने के मैल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक मिश्रिख थाना क्षेत्र के ही निवासी थे। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। शादी की खुशियां मातम में बदलीं जानकारी के अनुसार, ग्राम महमूदपुर निवासी हरीशंकर (25) पुत्र गोकरण और ग्राम गउवापुर निवासी विकास (35) पुत्र बृजलाल बाइक से मिश्रिख से कल्ली की ओर जा रहे थे। हरीशंकर की कुछ महीनों बाद शादी होने वाली थी और वह इन दिनों घर की मरम्मत करा रहा था। राजमिस्त्री विकास रोज की तरह काम खत्म करके हरीशंकर को घर छोड़ने के लिए साथ जा रहा था, लेकिन रास्ते में यह भयानक हादसा हो गया। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र, ग्राम काशीपुर के पास। हरीशंकर (25) और विकास (35)। बाइक और गन्ने के मैल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की जैसे ही दोनों युवक काशीपुर के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रतार ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर से दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को तुरंत कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़ मृतक हरीशंकर के पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी, अब बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर भारी वाहनों के अनियमित और तेज गति से संचालन पर कड़ी नाराजगी जताई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नाली के पानी का विवाद खूनी संघर्ष में बदला

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। जिले के खैराबाद थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में रास्ते पर बह रहे नाली के पानी के एक मामूली विवाद ने शनिवार देर रात खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष ने पड़ोसियों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों की पहचान अवधेश, रामसिंह, जयराम और मोहित के रूप में हुई है। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने दो गंभीर घायलों को विशेष निगरानी में रखा है। आरोप है कि गांव के ही पारस और उसके चार बेटों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया। बताया जा रहा है कि पीड़ित पक्ष ग्राम समाज के रास्ते पर जमा होकर विवाद को शांत कराने की कोशिश कर रहा था, तभी आरोपी पक्ष ने अचानक हमला बोल दिया। हमले के बाद चारों घायल खून से लथपथ हो गए। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह हमलावरों को खदेड़कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही खैराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी पारस और उसके चार बेटों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों के अनुसार रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से तनातनी चल रही थी, जिसका समाधान पंचायत में भी नहीं हो सका था। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा की .ष्टि से गांव में गश्त बढ़ा दी है और सख्त कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पुलिस लाइन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस लाइन में सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था द्वारा एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पुलिस लाइन में तैनात पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया साथ ही यह संदेश दिया गया कि रक्तदान महादान है। रक्त देकर किसी जरूरतमंद की जान बचाना सबसे बड़ा मानवीय



कार्य है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों जिला अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर डॉ0 अंकित सिंह ब्लड बैंक प्रभारी, डॉ0 रचना यादव, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव सहित पुलिस कर्मी व ब्लड बैंक की टीम आदि मौजूद रही।

# गांजा की खेती करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध गांजे की खेती करने वाले दो अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया। अवैध रुप से हरे गांजे को सुखाकर उनकी बिक्री भी की जाती है। सूचना पर तत्काल दो अलग-अलग




पुलिस टीमोंद्वारा ग्राम गोखिया में अभियुक्त लखन लाल पुत्र जयराम व संतोष उर्फ बादे पुत्र सीताशरण के घर पर छापेमारी करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरतार किया गया। दोनों के घरो से कुल 17 किलो 10 ग्राम अवैध हरा गांजा तथा 1100 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ जिसमें अभियुक्त लखन लाल के घर से 10 किलो 740 ग्राम हरा गांजा व 570 ग्राम सूखा गांजा तथा अभियुक्त संतोष के घर से 06 किलो 70 ग्राम हरा गांजा व 530 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए अभियुक्त लखन लाल पुत्र जयराम निवासी गोखिया थाना अतर्रा व सन्तोष उर्फ बादे पुत्र सीताशरण निवासी गोखिया थाना अतर्रा के विरुद्ध मु0अ0सं0 417/25 धारा 8/20/20() एनडीपीएस एक्ट थाना अतर्रा मु0अ0सं0 418/25 धारा 8/20/20() एनडीपीएस एक्ट थाना अतर्रा दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना अतर्रा ऋषदेव सिंह, वरिष्ठ उ0नि0 प्रेमपाल सिंह, उ0नि0 मणिशंकर मिश्र, का0 जंगबहादुर का0 पंकज द्विवेदी का0 अर्जन वर्मा का0 प्रशान्त यादव शामिल रहे।

# नहीं होने देंगे किसी गरीब पर अत्याचार : अवधेश प्रसाद




अयोध्या(संवाददाता )। रविवार को रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित वीरांगना ऊदा देवी पासी शौर्य दिवस व वीरांगना झलकारी बाई कोरी के सम्मान दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे फैजाबाद अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने एक बहादुर क्रांतिकारी वीरांगना थी। उन्होंने अकेले 36 अंग्रेजों को मार गिराया था। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने लखनऊ के सिकंदराबाद चौराहे पर 16 नवंबर को 36 अंग्रेजों को मार गिराया था इसके बाद अंग्रेज ब्रिगेडियर ने पेड़ पर बैठी वीरांगना ऊदा देवी पासी को गोली मार दी थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में वीरांगना ऊदा देवी पासी के वंशजों को अपमानित किया जा रहा है। भाजपा की तानाशाह सरकार में दलितोंगरीबों पर जुल्म अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यदि दलित और गरीबों पर अत्याचार बंद नहीं हुआ तो दिसंबर माह में बड़े आंदोलन का ऐलान करूंगा। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता रामखेलावन पासी उर्फ भगत व संचालन राजेश कोरी प्रधान नारायणपुर ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री तेज नारायण पवन पांडे ,पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां ,अजीत प्रसाद, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे,बख्तियार खान,छोटे लाल यादव,ओपी पासवान, रामजी पाल सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं संबोधित किया। कार्यक्रम में रितेश यादव,नन्हकन यादव, आजाद सिंह चौहान,अवधेश यादव,राकेश चौरसिया बजरंगी पासवान,सुनील कोरी,राम शतन कोरी ,सोहन लाल रावत,भाई आतिफ खान जी, राजेंद्र रावत, जितेंद्र रावत ,रामसुमेर भारती ज्वाला रावत,राजकुमार शिल्पकार, रामचरण रावत,के पी चौधरी, सुनील चौधरी, संजय भारती, संजय चौधरी राजकुमारी कोरी मिथिलेश कनौजिया, महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव, रामदुलारे यादव, अरविंद वर्मा धमषा दीन रावत, राम धनी रावत सहित बड़ी संख्या पार्टी के नेता,कार्यकर्ता के अलावा दलित समाज के लोग भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस का ऐतिहासिक आयोजन,नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने भव्य समारोह में पत्रकारिता की परंपरा, प्रतिष्ठा और ताकत को किया सम्मानित

## जागेश्वर फौजी जी बनाए गए राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी शर्मा जी ने मंच में से की घोषणा



कानपुर महानगर सोमवार को पत्रकारिता के स्वर्णिम इतिहास का साक्षी बना, जब नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के बैनर तले गल्ला मंडी, न्यू साकेत गैलेक्सी में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का भव्य, विशाल और अत्यंत गरिमामय आयोजन आयोजित किया गया। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पत्रकारिता के उस देदीप्यमान अध्याय का पुनर्लेखन था, जिसमें समाजोन्मुखी मीडिया, निष्पक्षता की परंपरा और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प स्पष्ट रूप से झलक रहा था। शहर ही नहीं, आस–पास के जनपदों फतेहपुर, औरैया और कई अन्य जिलों से आए पत्रकारों अधिवक्ताओं सामाजिक प्रतिनिधियों और मीडिया के युवा छात्रों की बड़ी उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत उन महान विभूतियों को नमन करने से हुई, जिन्होंने भारत में पत्रकारिता की नींव रखी और उसे सामाजिक परिवर्तन का हथियार बनाया। सबसे पहले सभी अतिथियों और पदाधिकारियों ने पत्रकारिता के अविनाशी नायक गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके आदर्शों साहस, सच्चाई और जनसेवा को याद करते हुए श्रृद्धांजलि दी गई। उसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। दीप की ज्योति ने जैसे पूरा वातावरण रोशन कर दिया यह प्रतीक था सत्य की रोशनी का, जो पत्रकारिता की आत्मा है।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य श्याम सिंह पवार। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में दी लायर्स एसोसिएशन कानपुर की नवनिर्वाचित पूरी टीम का सम्मानजनक स्वागत किया गया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से बारदृबार गूंजता रहा, जब वरिष्ठ पत्रकारों अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारिता की विरासत को संजोने, उसे मजबूत करने और मीडिया के वर्तमान स्वरूप में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर को उन्होंने पत्रकारिता का आत्ममंथन दिवस कहाएक ऐसा दिन जब पत्रकार समाज से वादा करता है कि वह सच के साथ खड़ा रहेगा, चाहे परिस्थितियाँ कैसी भी क्यों न हों।समारोह में कहा गया कि बदलते मीडिया परिवेश, डिजिटल क्रांति, सोशल मीडिया चुनौतियों और फेक न्यूज के दौर में पत्रकारिता की जिम्मेदारियाँ अत्यधिक बढ़ गई हैं। इसलिए पत्रकारों को न केवल निष्पक्ष रहना है, बल्कि हर खबर को तथ्यों की कसौटी पर कसकर जनता तक पहुंचाना है। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को चौथे स्तंभ के रूप में पुनः सुदृढ़ करने की जरूरत पर जोर दिया गया।इसके बाद आयोजित हुआ वह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम पत्रकारध्अधिवक्ता सम्मान समारोह, जिसने पूरे आयोजन को एक नए आयाम पर पहुँचा दिया।नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की ओर से उन पत्रकारों, अधिवक्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने–अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर समाज और जनहित को मजबूती दी है। मंच पर एकदृएक कर नाम पुकारे गए और सम्मानित साथियों को मोमेंटो, साल, प्रमाणपत्र और विशेष रूप से पेन (कलम) प्रदान की गई।इस कलम का विशेष महत्व समझाते हुए आयोजकों ने कहा कलम केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि पत्रकारिता की वह मशाल है, जिससे अंधकार मिटता है और सच उजागर होता है। यह कलम सत्य के लिए झुकने वाली नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध उठने वाली कलम है।सम्मानित पत्रकारों और अधिवक्ताओं ने मंच से कहा कि यह सम्मान न सिर्फ उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना है, बल्कि उन सभी पत्रकार साथियों के मनोबल को मजबूत करेगा जो कठिन परिस्थितियों में भी पत्रकारिता की साख बचाए रखने के लिए संघर्षरत हैं।समारोह का सबसे उत्साहपूर्ण क्षण वह था, जब नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा संगठन के एक सक्रिय, समर्पित और लंबे समय से सेवा कर रहे साथी जागेश्वर फौजी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किए जाने की आधिकारिक घोषणा की गई। उनके नाम के उद्घोष के साथ पूरा सभागार तालियों और जयजयकार से गूंज उठा।क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि जागेश्वर फौजी हमेशा से समाज व पत्रकार हितों के लिए अग्रिम पंक्ति में रहे हैं। उनकी कर्मठता और संगठन क्षमता के चलते अब राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया संवाद, पत्रकार हित संरक्षण, नये जिलों में इकाइयों का गठन और संगठन विस्तार की जिम्मेदारियाँ और अधिक व्यापक रूप से आगे बढ़ेंगी।समारोह के दौरान कई वक्ताओं ने यह भी प्रस्ताव रखा कि पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता के विकास और जनपदों में पत्रकार कल्याण को मजबूती देने के लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की बैठकें आयोजित की जाएँगी।

यह आश्वासन भी दिया गया कि नेशनल मीडिया प्रेस क्लब पत्रकारों की आवाज को शासनदृप्रशासन तक पहुंचाने, उनकी समस्याओं का समाधान कराने और मीडिया की गरिमा को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।कार्यक्रम के समापन अवसर पर नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.डी. शर्मा ने मंच से भावुक शब्दों में सभी अतिथियों और उपस्थित पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा पत्रकार केवल समाचार का वाहक नहीं, बल्कि समाज का पथप्रदर्शक है। लोकतंत्र तभी सुरक्षित है, जब पत्रकारिता सुरक्षित है। यह आयोजन उसी संकल्प का प्रतीक है।अंत में सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और पत्रकारों के बीच सौहार्द, एकता और पत्रकारिता की मर्यादा को सशक्त करने के संकल्प लिया फतेहपुर जिला अध्यक्ष शाह आलम वारसी ने कहा कि नेशनल मीडिया प्रेस क्लब हमेशा से पत्रकारों, अधिवक्ताओं,और समाज सेवियों को जोड़ने का कार्य किया है और समय समय सभी लोगो एक ही मंच पर लाकर सम्मनित भी करता है और आज जो राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा जी के द्वारा फतेहपुर जिले के जागेश्वर फौजी जी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया जिसका फतेहपुर जनपद की टीम आपका आभार व्यक्त करता है इसी बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा जी ने कार्यक्रम का समापन की घोषणा की।इस मौके पर श्याम सिंह पवार पूर्व सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा,जागेश्वर फौजी राष्ट्रीय संगठन मंत्री,वीरेंद्र शर्मा, कृष्ण शर्मा, एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, अनिल कुमार सिंह,सज्जन कुशवाहा, कानपुर महानगर जिला अध्यक्ष अमित सिंह,दिग्विजय सिंह,फतेहपुर जिला अध्यक्ष शाह आलम वारसी,मोहम्मद हारून, विवेक कुमार सैनी,उस्मान खान, अभिषेक सिंघम,फाजिल अंसारी, फुजैल खान,शिव कुमार,सन्तोष कुमार प्रजापति, हारुन वहीद, शारूख अहमद,सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता पत्रकार और महिलाएं उपस्थित रहें।कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार शर्मा जी की तरफ से सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम से बाहर निकलते हुए हर व्यक्ति के चेहरे पर गर्व,समर्पण और जिम्मेदारी का भाव साफ झलक रहा था।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त करने का माध्यम एकता यात्रा : खब्बू



अयोध्या(संवाददाता )। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित एकता पदयात्रा को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। यह पदयात्रा आगामी 20 नवम्बर को जाना बाजार से शुरू होकर परशुराम महाविद्यालय, तारून बाजार में संपन्न होगी, जहां एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। यात्रा की अगुवाई पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी 'खब्बू करेंगे। जिसको सफल बनाने के लिए तारुन ब्लॉक में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें हर स्तर पर तैयारियों की समीक्षा हुई और जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर भी चर्चा हुई। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी 'खब्बू ने कहा कि एकता पदयात्रा एक भारत–श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त करने का माध्यम है। मातृभूमि प्रेम से ओतप्रोत भाजपा कार्यकर्ता, युवाशक्ति, व आम जनता जब एक साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे, तब गोसाईगंज की धरती राष्ट्रवाद के जयघोष से गूंज उठेगी। इस यात्रा को एतिहासिक बनाने की जिम्मेदारी लेकर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को कार्य करना है। हमें यहां से एक संदेश देने की तैयारी करनी है।क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रवासी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि यह पदयात्रा समाज के हर व्यक्ति तक राष्ट्रवाद की विचारधारा को पहुंचाने माध्यम है। एकता पदयात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश है, सबकी जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान जनता के अधिकारों को सशक्त करने का एक व्यापक प्रयास है। लोकतंत्र तभी सफल होता है, जब हर नागरिक की आवाज मतदान के माध्यम से व्यवस्था तक पहुंचती है। एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे, इस संकल्प के साथ हमें एसआईआर के अभियान से जुड़ना है।भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि एकता पदयात्रा में हर बूथ का समावेश होना चाहिए। इसके लिए पदाधिकारी व कार्यकर्ता लोगो को संवाद स्थापित करके उन्हें पदयात्रा के लिए आमंत्रित करें। मौके पर जिला महामंत्री राघवेंद्र पाण्डेय, विधानसभा संयोजक विनीत सिंह बिन्नू, जिला उपाध्यक्ष राममोहन भारती, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि फयाराम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत, मण्डल अध्यक्ष मया शत्रुघ्न मोदनवाल ,मंडल अध्यक्ष वीरभान सिंह, मण्डल अध्यक्ष गोसाईगंज शिव कुमार यादव, मण्डल अध्यक्ष तारून पतिराज वर्मा, शिवम सिंह, दयानन्द दुबे, सच्चिदानन्द मिश्रा, मनोज पांडे मौजूद रहे।

# पार्षदों के प्रस्ताव पर होंगे दस लाख तक के विकास कार्य

**-अयोध्या नगर निगम बोर्ड की बैठक में ध्वनिमत से सभी प्रस्ताव पास**

**-नगर निगम के कतिपय कर्मचारियों की कार्यशैली पर जताई गई नाराजगी**



अयोध्या(संवाददाता )। इस वित्तीय वर्ष में पार्षदों के प्रस्ताव पर नगर निगम 10 लाख रुपये तक का विकास कार्य कराएगा। इसके साथ ही सुंदरीकरण कराए गये रामनगरी के नौ कुंडों को नगर निगम रखरखाव के लिए हस्तगत करेगा। यह निर्णय नगर निगम बोर्ड की गांधी सभागार में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने की।बोर्ड की बैठक में नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए विशेष प्रिय प्रयास किए जाने पर सदन ने सहमति जताई गई। महापौर ने कहा कि सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक दृष्टि से अयोध्या पूरी दुनिया में न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश का चेहरा बनकर उभरा है। हाल ही में मॉरीशस और भूटान के प्रधानमंत्री का स्वागत करने का अवसर मिला है। उन्होंने अयोध्या की जीएसटी में निरंतर वृद्धि का हवाला देते हुए बताया कि 25 नवंबर को यहां आने वाले हजारों अतिथियों के लिए होमस्टे बुक हुए हैं इससे अयोध्या की अर्थव्यवस्था निरंतर बेहतर हो रही है। सफाई, पेयजल व्यवस्था को लेकर निरंतर सराहना मिल रही है। अयोध्या धाम की तरह अयोध्या कैंट एवं कौशलपुरी को मार्ग प्रकाश व्यवस्था तथा सीवर लाइन से आच्छादित किया जा रहा है। उन्होंने एक हजार करोड़ रुपये बजट का आंकड़ा छूने का भी लक्ष्य निर्धारित किया।बोर्ड की बैठक में पूर्व उपसभापति जयनारायण सिंह उर्फ रिंकू ने विकास निधि का मुद्दा उठाया। पार्षद विनय जायसवाल एवं बृजेश सिंह ने बोर्ड की अनुमति से ही विकास कार्य कराए जाने की मांग दोहरा। सपा पार्षद रामभवन यादव ने सीवर लाइन के लिए सड़क खोदकर छोड़ देने का मुद्दा उठाया। सपा पार्षद दल के नेता विशाल पाल ने सड़क व गली के निर्माण कार्य के चयन में मनमानी का आरोप लगाया। इस पर नगर आयुक्त ने बताया कि डेढ़ सौ सड़कों का प्रस्ताव भेजा गया था। शासन से 45 करोड रुपये की स्वीकृत होने के कारण सड़कों की संख्या घटानी पड़ी।भाजपा पार्षद चंदन सिंह, अनिल सिंह एवं सपा पार्षद विशाल पाल के प्रस्ताव पर नगर निगम की छवि खराब करने के लिए उत्तरदाई कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के प्रस्ताव पर सदन ने धन्यवाद से सहमति जताई।पार्षद चंदन सिंह ने दर्शननगर से रीडगंज तक लाइट के न जलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने देवकली से रीडगंज ओवर ब्रिज तक नाली निर्माण अधूरा होने का कारण जानना चाहा। इस मौके पर विधायक वेदप्रकाश गुप्त व पार्षदों ने कार्यदायी संस्था 'छात्र शक्ति' के कार्य पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए जांच की मांग की।

पार्षद अनिल सिंह ने स्टैंड ठेका का धन समय से न जमा होने पर एतराज जताया। हरिश्चंद्र अग्रहरि ने फतेहगंज अंडरपास के सुंदरीकरण, पॉलिथीन की थोक विकि पर रोक लगाने तथा छोटे दुकानदारों को प्रताड़ित न करने की आवश्यकता दिखाई। बैठक में तय किया गया कि नगर में लगाए गए प्रकाश पोल की कमेटी बनाकर जांच कराई जाएगी।

इस मौके पर निर्माण विभाग पार्षदों के निशाने पर रहा। अधिकारियों के अनुपस्थिति तथा शिलालेख लगाए जाने जैसे मुद्दों पर पार्षदों की नाराजगी को देखते हुए नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार ने कार्रवाई का वादा किया। उन्होंने बताया कि पार्षदों के साथ जांच के लिए अपर आयुक्त को मौके पर भेजा जाएगा। चर्चा में पार्षद अनुज दास, मनीष सिंह, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, विकास कुमार, अर्चना, मनीषा, अभिनव पांडे, अंकित त्रिपाठी, अमित कुमार आदि ने हिस्सा लिया। बैठक में महापौर ने अवगत कराया कि नया कार्यालय भवन निर्माण के लिए स्वीकृत 108 करोड़ रुपये में से 50 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश सरकार ने दे दिए हैं, जबकि 28–28 करोड़ रुपये नगर निगम व विकास प्राधिकरण को देना था। प्राधिकरण के हिस्से की धनराशि शासन ने अवमुक्त कर दी है, जबकि नगर निगम के हिस्से की धनराशि लंबित है। नगर निगम की अर्थव्यवस्था को देखते हुए नगर विकास मंत्री ने धनराशि देने पर सहमति जताई है। इसके अलावा पांच करोड़ रुपये फर्नीचर के लिए चाहिए। इस पर विधायक ने प्रमुख सचिव से वार्ता कर धनराशि अवमुक्त कराने का वादा किया।–नगर निगम बोर्ड ने फैसला किया है कि तुलसी स्मारक कन्या इंटर कॉलेज अयोध्या में प्रख्यात समाजसेवी कृष्णारानी शर्मा की प्रतिमा लगाई जाएगी तथा देवकाली अंडरपास का नाम बलिदानी सैनिक जगदंबा प्रसाद पांडे के नाम पर रखा जाएगा।

# युवती की हत्या कर शव मिट्टी में दफनाया

प्रयागराज। थरवई थाना क्षेत्र में एक युवती की हत्या कर उसका शव दफना दिया गया। शनिवार को कुत्तों ने मिट्टी खोद दी तो युवती का हाथ और आधा शरीर बाहर नजर लगा। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई। युवती के सिर और चेहरे पर वार किया गया था। चेहरे पर वार की वजह से शिनाख्त करना मुश्किल है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। शव 3 से 4 दिन पहले दफनाया गया। युवती की लाश की खबर पाकर फोरेंसिक टीम ने पहुंच जांच की। पुलिस अधिकारियों ने गांव में पूछताछ की, लेकिन कोई उसके बारे में कुछ भी नहीं बता सका। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के लखरांवा गांव के किनारे स्थित बाग की तरफ शनिवार की सुबह ग्रामीण गए तो उन्होंने जमीन में दफन एक महिला के सिर का कुछ भाग और एक हाथ बाहर निकला देखा। वहां कुत्ते जमीन खोद रहे थे। इसको देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुड़ गई। थरवई पुलिस के साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रपाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। दफन शव को बाहर निकलवाया गया।

लाश को देखकर अधिकारियों ने तीन–चार दिन पहले घटना होने की आशंका जताई है। हाथ और चेहरे पर चोट के निशान है। इसलिए उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शरीर पर कीड़े भी रेंग रहे थे। पुलिस ने आसपास के थानों से गुमशुदा लोगों की सूची मंगाई है। जिस जमीन पर शव दफनाया गया, वह रामचंद्र यादव की बताई जा रही है।युवती की उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके शरीर पर लैगिंग और टी शर्ट है। उसका स्पोर्ट शूज भी शव के पास पड़ा मिला। उसके दोनों पैर दुपट्टे से बांधे गए थे। शव से दुर्गंध न आने के कारण आशंका जाहिर की गई है कि हत्यारों ने एक दो दिन के भीतर ही यहां पर शव को ठिकाने लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। चेहरा स्पष्ट न होने के साथ शरीर पर सूजन और कीड़े लग चुके थे। इससे अंदेशा है कि करीब तीन दिन पहले हत्या कर शव को मिट्टी में दफनाया गया है। युवती ने हरे रंग की लेगी, कुर्ता–सलवार पहनी थी। घटनास्थल से कुछ दूरी पर जूता और मोजा भी पुलिस को मिला है।

# पत्रकारिता समाज की मार्गदर्शिका : डा. सुमन गुप्ता

***-प्रेस जनता की आवाज बनकर करता है लोकतंत्र की रक्षा रू प्रो अनूप कुमार***

***-राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर हुई अश्नलाइन संगोष्ठी***



अयोध्या(संवाददाता )। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि प्रेस काउंसिल आफ इंडिया की सदस्य एवं जनमोर्चा हिंदी दैनिक की संपादक डॉ. सुमन गुप्ता रही। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. अनूप कुमार ने किया।राष्ट्रीय प्रेस दिवस की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. सुमन गुप्ता ने कहा पत्रकारिता समाज की मार्गदर्शिका है। इस पर समाज के उच्च मानदंडों को स्थापित करने का दायित्व भी है। इस डिजिटल दुनिया ने पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी बदलाव कर दिया है। डॉ गुप्ता ने कहा कि प्रेस काउंसिल आफ इंडिया को अब मीडिया काउंसिल के रूप में परिवर्तन करना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के दायरे से बाहर है अब इसे उसमें शामिल करने की आवश्यकता है। इससे पत्रकारिता संरक्षित हो सकेगी। फेक न्यूज से दुनिया एक नई चुनौती का सामना कर रही है। ऐसी स्थिति में मीडिया को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के आवश्यक कदम उठाने होंगे। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस सत्य, पारदर्शिता और जनशक्ति का उत्सव है। लोकतंत्र के इस चौथे स्तंभ को बड़े सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना होता है। इसका सामना जिम्मेदार एवं निष्पक्ष पत्रकारिता ही कर सकती है। प्रेस को जनता की आवाज बनकर लोकतंत्र के मूल्य की रक्षा करना है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. विजयेंदु चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारिता आर्टिकल 19 के उपबंध के आधार पर आज लोकतंत्र की स्थापना के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के इस डिजिटल दौर में प्रत्येक नागरिक को संवैधानिक मूल अपबंधों की जानकारी रखनी चाहिए। स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र की आत्मा है और पत्रकारिता उसी का पोषण करती है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राज नारायण पांडेय ने कहा कि समाचार पत्र सामाजिक उत्तर पुस्तिका के समान है जिसके लाखों परीक्षक और अनगिनत समीक्षक होते हैं। वर्तमान में पत्रकारिता का क्षेत्र काफी व्यापक हो गया है। संगोष्ठी का तकनीकी संचालन विभाग के शिक्षक क्षितिज द्विवेदी एवं उनकी छात्र टीम ने किया। इस अवसर पर दयानंद त्रिपाठी, महिमा, उत्तम ओझा, रिंकी, अक्ष पांडेय, सृष्टि, शिवांग चतुर्वेदी, हंसिका, अर्पिता तिवारी, शगुन जायसवाल एवं बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



प्रयागराज। नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आज दिनांक 15 11 25 को कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज एवं लाइंस इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन कुलभास्कर आश्रम महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य ने किया तथा छात्र–छात्राओं को इस अवसर से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी शैलेंद्र सिंह परिहार रहे। उन्होंने बताया की यातायात नियमों की जानकारी होने के बावजूद भी लोग लापरवाही करने की वजह से एक्सीडेंट जैसे विकट समस्या का सामना करते हैं। डॉक्टर राकेश पासवान ने विस्तार से बताया कि नशे की शुरुआत कैसे होती है, नशा कैसे–कैसे छोड़ने के बाद फिर से पकड़ लेते हैं नशे से कैसे बचे, नशा कैसे छोड़ें? छात्रों के साथ प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जुड़ाव तथा नशा से बचाव के लिए शपथ दिलाया। साइबर अपराध के विशेषज्ञ सुरेश चहल ने वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराधों के विषय में विस्तार से बताया जिसमें मुख्य रूप से शारीरिक उत्पीड़न, मानसिक उत्पीड़न एवं आर्थिक उत्पीड़न को बताया. इसके तहत ओटीपी, लिंक, योजनाएं, फेक एसएमएस, डिजिटल अरेस्ट एवं हाउस अरेस्ट के विषय में जागरूक किया।साइबर क्राइम एक्सपर्ट पूजा यादव ने छात्र–छात्राओं को समझाया कि अपना खाता नंबर किसी से शेयर ना करें हर थाने में साइबर सेल स्थित है छात्राएं थाने आने में किसी प्रकार की हिचक या संकोच न करें थाने पहुंचकर अपनी समस्या को बताएं एवं समाधान पाएं कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर एसपी वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर सी एस चौबे ने दिया।

# प्रथम यदुपति सिंघानिया मेमोरियल नेशनल सर्किट स्क्वैश टूर्नामेंट 2025 का आयोजन 17 नवंबर से

प्रयागराज। यदुपति सिंघानिया मेमोरियल स्क्वैश ओपन 2025 का आयोजन 17 से 20 नवंबर, तक अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, प्रयागराज में किया जाएगा। यह टूर्नामेंट भारत के उभरते स्क्वैश खिलाड़ियों का एक शानदार संगम होगा। यह जानकारी टूर्नामेंट के बारे में उत्तर प्रदेश स्क्वैश रैकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष माधव कृष्ण सिंघानिया और सचिव विनय पांडेय ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया जाता इस प्रतियोगिता में 21 राज्यों से 11 वर्गों में कुल 219 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं, जो उत्तर प्रदेश स्क्वैश कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिताओं में से एक के रूप में इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती हैं। यह राष्ट्रीय सर्किट टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश स्क्वैश रैकेट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह स्वर्गीय यदुपति सिंघानिया को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जो एक औद्योगिक दूरदर्शी और खेल प्रेमी थे। खेल प्रतिभा को निखारने और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उनके जुनून से आज भी नई पीढ़ियाँ प्रेरित होती हैं। श्री सिंघानिया ने कहा कि यदुपति सिंघानिया मेमोरियल स्क्वैश ओपन, उत्तर प्रदेश स्क्वैश कैलेंडर में एक विशेष स्थान रखता है।



# वार्षिक निरीक्षण में विद्यालय मिला चकाचक

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण रविवार को खत्म हो गया। वंदना बेला में प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह एवं अतिथि प्रधानाचार्य बृज किशोर सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर शैक्षणिक कार्यो की शुरुआत हुई। महाराजा अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरी मार्ग झांसी से आए प्रधानाचार्य एवं उनकी टोली विद्यालय का तीन दिनों तक विद्यालय परिसर में ही रहकर विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था एवं विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करेगी। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल प्रकाश श्रीवास्तव ने अतिथि महानुभावों का परिचय पूर्ण कराया। इसके बाद अतिथि आचार्य महानुभावों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वंदना के उपरांत अतिथि प्रधानाचार्य ने बच्चो को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य बृज किशोर सिंह ने कहा कि हम सभी एक ही परिवार के हैं इसलिए हम अतिथि नहीं है हम चाहते हैं कि हम यहां से कुछ अच्छा लेकर जाएं। उन्होंने आगे कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य हमें आत्मसात करना चाहिए। तभी हम रामराज्य की अवधारणा को साकार कर सकेंगे। सुंदरकांड में जामवंत और संकटमोचन हनुमान जी के .ष्टांत के माध्यम से बताया कि छात्र और गुरु के मध्य का संबंध उनके जैसा ही होना चाहिए। जिसमें जामवंत गुरु के रूप में युवा हनुमान जी को सदैव प्रेरित करते रहते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आचार्य को अपने शिष्य के प्रति सदैव सकारात्मक चिंतन रखना चाहिए। छात्र को भी विनम्रता, एकाग्रता, समय पालन तथा अनुशासन के साथ रहते हुए अध्यनरत होना चाहिए। विद्यार्थी को यह समझना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी को देने के लिए यदि उनके पास कुछ अच्छा होगा तभी वे उन्हें कुछ दे पाएंगे। विद्यार्थी को सतत अच्छा पाने और करने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर दीपक गुप्त, जगदीश सिंह, अनिल श्रीवास्तव, रामौतार सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, चालक व महिला जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका मोड़ में रविवार की दोपहर तेज रतार चार पहिया वाहन ने ओवर टेक करते हुए ई–रिक्शा ने टक्कर मार दिया जिससे चालक व ई–रिक्शा में बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद चालक वाहन सहित भाग निकला। जानकारी के अनुसार शहर के आबूनगर मुहल्ला निवासी रफीक खान का 35 वर्षीय पुत्र इब्राहिम खान ई–रिक्शा चालक है। बताते हैं कि दोपहर बुलेट चौराहा निवासी सुशील की 40 वर्षीय पत्नी रेनू को बैठाकर जा रहा था। जैसे ही वह नगर पालिका मोड़ पर पहुंचा तभी पीछे से तेज रतार वाहन ओवर टेक करते हुए टक्कर मारते हुए निकल गई। जिससे ई–रिक्शा पलट गया और चालक व महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आस–पास के लोगों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चालक की हालत गंभीर बनी है।

# छत से गिरकर मासूम घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली के शादीपुर मुहल्ले में रविवार की दोपहर खेलते समय छत से गिरकर पांच वर्षीय मासूम बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। जानकारी के अनुसार शादीपुर मुहल्ला निवासी जितेन्द्र सिंह का पुत्र लकी सिंह रविवार की दोपहर छत पर खेल रहा था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से सिर के बल नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। घटना की जानकारी मां शिवानी ने दी।

# युवक को सर्प ने डसा, भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लमहेटा में रविवार की दोपहर खेतों में काम करते समय 20 वर्षीय युवक को सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लमहेटा गांव निवासी राधेश्याम का पुत्र रवि कुमार खेतों में काम कर रहा था। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उसे निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों को वितरित किए मेडल व प्रमाण पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लखनऊ में आयोजित हुई अटल बिहारी बाजपेई स्टेट ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के प्रतिभागी ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन राज ताइक्वांडो एकेडमी में किया गया। ताइक्वांडो एसोसिएशन आफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र वितरण किए।मेडल व प्रमाण पत्रपो वाले खिलाड़ियों में कविश कुमार, हार्दिक सिंह, आयुषी यादव, सनाया श्रीवास्तव, विहान पटेल, अनुभव प्रताप सिंह, मो. जावेद, अंशुमान प्रताप सिंह, अनुष्का यादव, आयुषी सिंह, अवंतिका सिंह, मो. अली, शिखा देवी, अर्जित नारायण पाण्डेय, जूनियर मो. अली षामिल रहे। श्री मेहरोत्रा ने कहा कि ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया हैं। सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला ने कहा कि ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर की अन्य इकाई का विस्तार करके खेल को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस अवसर पर ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष रिया गौड़, कोच मनीषा राजपूत, रिचा राजपूत उपस्थित रहे।

# बार काउंसिल के सदस्य प्रत्याशी अनुज ने किया नामांकन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में सदस्य पद के लिए पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन फतेहपुर अनुज दीक्षित ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने के दौरान जिले के सैकड़ों अधिवक्ताओं की उपस्थिति ने समारोह को भव्य बना दिया।बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के प्रत्याशी अनुज दीक्षित का नामांकन जुलूस कचेहरी से निकला। लाव–लश्कर के साथ प्रत्याशी अनुज प्रयागराज पहुंचे। जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारियों के समक्ष दाखिल किया। इस मौके पर अशोक सिंह, शिवा ठाकुर, रजत सैनी, अमित रस्तोगी, सम्राट गौतम, स्वरूप राज सिंह जूली, गणेश तिवारी, अखिलेश अग्रहरि, अनुपम दीक्षित, लालबाबू मोहम्मद आशिफ, मनोज सिंह, विजयकांत तिवारी, संग्राम सिंह राठौर, दीपक गुप्ता, भोले शुक्ला, ऋषि सिंह, सिद्धार्थ दीक्षित, डा. अतुल त्रिवेदी, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, आशीष सिंह चौहान, प्रमोद त्रिपाठी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# चुनावी रंजिश में सिकंदरपुर में हुआ खूनी संघर्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पंचायत चुनाव की सुगबुहाट शुरू होते ही गांवों में वर्चस्व को लेकर कहासुनी व मारपीट की घटनाएं शुरू हो गई हैं। बीते शनिवार की शाम चुनावी रंजिश को लेकर चांदपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में कई लोग घायल हुए हैं। जिसमें दो गंभीर घायलों को इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर गांव में शांति व्यवस्था बहाल रखने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। एसपी के निर्देशन में गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

चौकी प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने 27 नामजद व 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें पूर्व प्रधान समेत आठ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर गांव में शनिवार को पूर्व प्रधान अरविंद सिंह व नरेंद्र सिंह के समर्थकों के बीच हुई। बताया जाता है कि नरेंद्र के घर के पास पूर्व प्रधान अरविंद सिंह समेत वीर सिंह, शिवबरन सिंह, कल्लू सिंह, जनक सिंह, सौरभ सिंह, अवधेश सिंह, रणधीर, वसीर, जुल्फिकार, अन्नू सिंह, तन्नू सिंह, हरगोविंद, डिंपल, ननका पाल, श्रीराम निषाद, रामवीर, अजयराज सिंह, प्रमोद सिंह व सत्यम सिंह के अलावा 30–35 समर्थक लाठी–डंडे व ईंट–पत्थर लेकर आए और तभी दूसरे पक्ष के उदय नारायण, शिवनायक, नागेंद्र सिंह, सत्यम, नरेंद्र सिंह, रिंकू व संतराम पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना पर दपसौरा चौकी प्रभारी राकेश चन्द्र शर्मा पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए घायलों को इलाज के लिए अमौली सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दो घायलों शिवनायक सिंह व उदय नारायण सिंह की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। जबकि दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। चौकी प्रभारी की तहरीर पर चांदपुर थाना पुलिस ने रविवार को दोनों पक्षों से 27 नामजद व 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस घटना की जांच–पड़ताल में जुट गई है। उधर घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह अधीनस्थों संग गांव पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता की साथ ही सीएचसी पहुंचकर घायलों से भी घटना के बाबत जानकारी हासिल की। एसपी के निर्देशन में गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**पूर्व प्रधान समेत आठ गिरतार**

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में चुनावी रंजिश को लेकर दो गुटों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में चांदपुर थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह पुत्र स्व0 प्रताप सिंह समेत कल्लू सिंह पुत्र स्व0 मोती सिंह, वीर सिंह पुत्र संतोष सिंह, रणधीर पुत्र जगदेव सिंह, जनक सिंह पुत्र मोती सिंह, सौरभ सिंह पुत्र हरभूखन सिंह, शिवबरन सिंह पुत्र नारायण सिंह, अवधेश सिंह पुत्र स्व0 प्रताप सिह को गिरतार कर लिया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में अमौली चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह, चांदपुर थाने के उपनिरीक्षक सौरभ पाण्डेय, उपनिरीक्षक श्याम बिहारी सिंह, त्रिभुवन यादव, जय प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल रोहित यादव, कांस्टेबल कन्हैया लाल, अजय कुमार, अजय कुमार यादव, धीरज सिंह यादव, हिमांशु वर्मा, सुशान्त यादव, महिला कांस्टेबल पूजा यादव शामिल रहीं।

# लोहारी के जनता दर्शन में बुजुर्गो को बटे उपकरण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रत्येक माह की भांति इस माह भी जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी के कैंप कार्यालय में जनता दर्शन हेतु कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में बुजुर्गो को ट्राई साइकिल, छड़ी, कान की मशीन, व्हीलचेयर आदि उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने बताया कि हर महीने जनता दर्शन कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों की राशन, पेंशन, आवास, शौचालय की समस्याओं को सुनकर तत्काल संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उन्हें अभिलंब दूर किया जाता है। वृद्धावस्था व विधवा पेंशन में कुछ क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आय से अधिक आय प्रमाण पत्र जारी करने के क्रम में संबंधित लेखपाल से वार्ता कर उन्हें जांच कर 46000 की आय जारी करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में ग्राम सभा सेनीपुर के नौगांव हरिजन बस्ती में 25 व 10 केवी के छोटे ट्रांसफार्मर लगे होने के कारण लगातार विद्युत समस्या बरकरार है। जिनको तत्काल संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर 63 किलोवाट के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। श्री लोहारी के जनता दर्शन में मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना के अंतर्गत जमरावां के दिनेश की पत्नी की मृत्यु के उपरान्त उनके दोनों बच्चों को मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना की तरफ से फार्म भरवा कर प्रति महीने बच्चों को पांच हजार रूपए पेंशन का लाभ दिलाया जाएगा। श्री लोहारी ने बताया कि एमको कंपनी की तरफ से संचालित सभी बुजुर्गो को जब तक उपकरण नहीं प्राप्त होंगे यह अभियान लगातार चलता रहेगा। कार्यालय में लगातार लाभार्थियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में नीरज अग्निहोत्री, किशन सिंह, नेता सिंह, रंजू सिंह, नेता सविता भी मौजूद रहे।

# निशान वेलफेयर सोसाइटी ने किशोरियों को दिया प्रशिक्षण

## - अज्ञात नंबर पर डेटा या ओटीपी कभी न करें साझा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिजिटल युग में जहां इंटरनेट और मोबाइल ने जिंदगी को आसान बना दिया है, वहीं साइबर ठगी और अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। छोटी–छोटी लापरवाहियों से कभी–कभी अपूरणीय नुकसान झेलने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। इसी उद्देश्य से निशान वेलफेयर सोसाइटी ने किशोरियों के बीच साइबर क्राइम और डिजिटल लिटरेसी पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान देकर सशक्त बनाया गया।यह प्रशिक्षण तेलियानी विकास खण्ड के आठ गांव व अर्बन के दो वार्ड की किशोरियों के लिए आयोजित किया गया, क्योंकि आज की युवा पीढ़ी डिजिटल दुनिया में सबसे अधिक सक्रिय है, लेकिन साथ ही सबसे अधिक जोखिम का शिकार भी बन रही है। ट्रेनिंग के दौरान, साइबर क्राइम के विभिन्न रूपों जैसे फिशिंग, आईडी हैकिंग, ओटीपी चोरी, फोटो मिसयूज और ऑनलाइन ठगी पर विस्तार से चर्चा की गई। ट्रेनर हरिओम ने सरल भाषा में समझाया कि कैसे संदिग्ध कॉल्स, मैसेज या लिंक्स से बचना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर कोई अज्ञात नंबर से आपका डेटा या ओटीपी मांगता है, तो तुरंत कॉल काट दें और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। यह सलाह न केवल किशोरियों के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए उपयोगी साबित होगी। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस डिजिटल लिटरेसी पर था। जहां किशोरियों को सिखाया गया कि डिजिटल टूल्स के फायदों के साथ–साथ उनके जोखिमों को कैसे पहचानें और उनसे बचाव करें। उदाहरण के तौर पर, मजबूत पासवर्ड बनाना, टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग और सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग्स को सही रखना जैसे टिप्स साझा किए गए। ट्रेनिंग के माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि साइबर अपराधी अक्सर भावनात्मक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। इससे न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि हमारी निजी जिंदगी पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों से भी बचाव होगा। इस आयोजन में संस्था प्रबंधक रुबीना, पीसी तूबा, कम्युनिटी मोबिलाइजर अल्तशा परवीन, सलाउद्दीन और राबिया की सक्रिय उपस्थिति रही।

# एनडीए जीता बिहार फिर, गाड़ा बहुमत का खूंटा

## - शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 411 वीं साप्ताहिक रविवासरीय काव्य गोष्ठी आयोजित



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 411 वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए केपी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा सरस्वती मां कर .पा, नमन करो स्वीकार। राष्ट्रप्रेम की देश में लाओ नई बहार।। पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया घातक तुष्टीकरण की, हुई दशा विपरीत। समता और विकास की, है बिहार की जीत।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया सिंह स्वयं भी श्रम सीकर से, अपना काम चलाता है। निष्य बैठ एक गह्वर में कभी शिकार न पाता है।। प्रांत संस्कार प्रमुख विष्व हिंदू परिषद एवं सुकवि डॉक्टर विजय शंकर मिश्र ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया रामदूत श्री रामभगत घर, राघव की पाती लाए। मंदिर में जब चढ़े पताका, मानवता बन लहराए।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये फुस्स हुए बम आरोपों के, विरोधियों का बल टूटा। एनडीए जीता बिहार फिर, गाड़ा बहुमत का खूंटा।। डॉ शिव सागर साहू ने काव्य पाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार शब्द दिए चक्रव्यूह रचि शाह ने, राजग लिया जिताय। मोदी के विष्वास ने, दहला दिया लगाय।। राम अवतार गुप्ता ने पढ़ा मां ही है इस सृष्टि में साक्षात भगवान। कोई भी तीरथ नहीं, मां के चरण समान।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक मुक्तक के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किये चाहे कोकिल की तान बनो, या रणभेरी का गान बनो। बनकर अभियान प्रगति के तुम, मानवता के प्रतिमान बनो।। कार्यक्रम के अंत में पुजारी ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# कैंडल जला शहीद पुलिस जवान व नागरिकों को दी श्रद्धांजलि



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक ललौली रोड स्थित एक पैलेस में रमाशंकर पांड्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम दिल्ली व श्रीनगर थाने में हुए बम विस्फोट में मारे गए पुलिस जवान व आम नागरिकों के हताहत होने पर मोमबत्ती जलाकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। दो मिनट का मौन रखा।

अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने कहा कि नेता देश की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। छोटे–मोटे ऑपरेशन से काम चलने वाला नहीं है। सेना तो अपना कार्य बखूबी करती है परंतु जब सफलता के नजदीक पहुंच जाती है तब ऑपरेशन व युद्ध को समाप्त कर दिया जाता है। यह सेना के सिद्धांतों के विपरीत है। सिर्फ सेना का उपयोग वोट बैंक बढ़ाने के लिए किया जाता है जबकि आवश्यकता है एक निर्णायक युद्ध लड़ने की। जब तक विष्व के मानचित्र से पाकिस्तान का नाम मिटा नहीं दिया जाएगा तब तक निर्दोष नागरिक मरते रहेंगे। नेताओं का वोट बैंक बढ़ता रहेगा। आज भारत की सेना अमेरिका, चीन या किसी भी देश से लड़ने और जीतने की क्षमता रखती है। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि इन नेताओं के घर का तो कोई मरता नहीं है उस मां से पूछो जिसका बेटा शहीद होता है या बम विस्फोट में मरता है। इस अवसर पर शेख खालिद, अर्जुन सिंह, रामेंद्र सिंह, मनीराम, सूरज पाल, चंद्रपाल सिंह, डॉक्टर फौजी, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण नेतृत्व विकसित करना समय की मांग : राजेन्द्र



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नेहरू युवा संगठन टीसी व पांच परमेश्वर विद्यापीठ के सहयोग से एक दिवसीय ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम नेहरू युवा संगठन टीसी के कार्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठन के पूर्व निर्देशक डॉ0 चंद्रशेखर प्राण ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि आज गांव में लोकतांत्रिक, सामुदायिक व आर्थिक व्यवस्था का संचालन कुछ लोगों के हाथ में जिससे व्यवस्था में भागीदारी, स्थितियों में अंतर, अधिकारों का हनन, भेद भाव जैसी स्थिति पैदा हो गई है। आवश्यकता है ग्रामीण नेतृत्व विकसित करने की। यह प्रशिक्षण इसी उद्देश्य के लिए है कि अपनी रुचि के अनुसार नेतृत्व विकास करना।प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य समन्वयक अनिल उदय ने प्रतिभागियों बताया कि नेतृत्व के लिए समझदारी, ईमानदारी व सक्रियता अवश्य है। नेतृत्व क्या है, नेतृत्व करता के क्या गुण होना चाहिए, नेतृत्व के कौन कौन से अवसर है, पर विस्तृत चर्चा कर प्रतिभागियों की समझ विकसित किया। कार्यक्रम में आयोजक संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि ग्रामीण नेतृत्व विकसित करना समय की मांग है। पांचपरमेश्वर विद्यापीठ के यह पहल ग्रामीण विकास के प्रत्येक पहलू को मजबूत करेगा। समस्त प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र के आधार पर तीन ग्रुप में बांटकर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो को सूचीबद्ध किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवीण पांडे, अभिषेक प्रताप सिंह, .ष्ण कुमार साहू, सुधांशु द्विवेदी, आशुतोष सहित हसवा, मलवां, तेलियानी, बहुआ, भिटौरा ब्लॉक के युवाओं ने प्रतिभाग किया।

# एचसीजे अकादमी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद सम्पन्न



अयोध्या (संवाददाता )। पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस व २३ वे वार्षिक खेल दिवस' के अवसर पर एच.सी.जे. अकादमी में दो दिवसीय खेलकूद का आयोजन धूम–धाम से किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिमेष सक्सेना, जिला क्रीडा अधिकारी, अयोध्या व एच . सी जे . ग्रुप की चेयरपर्सन मंजुला जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. शिक्षा जैन, अकादमी के एग्जीक्यूटिव ऑफीसर एंड क्वालिटी कंट्रोलर उमेश जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया । स्कूल की छात्र संसदीय समिति ने मसाल प्रज्ज्वलित कर परेड के साथ आयोजन मे आये मुख्य अतिथि अनिमेष सक्सेना, चेअरपर्सन मंजुला जैन, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुधीर प्रकाश श्रीवास्तव, प्रोफेसर अनूप श्रीवास्तव और प्रोफेसर राकेश पाण्डेय आदि सभी को सलामी दे उनका अभिन्नदन किया । छोटे – छोटे छात्रों ने स्वागत गीत के साथ ड्रिल प्रस्तुति कर सभी अतिथिगण का मन मोह लिया । कार्यक्रम के प्रथम दिन, कक्षा छः से बारहवी तक के छात्रों ने वॉलीवाल, बास्केटवाल, खो –खो , कबड्ड़ी, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, लंबी कूंद, ऊँची कूंद, और एथलीट आदि खेलो में प्रतिभाग कर विजयी बने । वही दूसरे दिन नर्सरी से पांचवीं तक के छात्रों ने विभिन्न प्रकार की दौड़ जैसे जैली फिश दौड़, वांल बेलेसिंग दौड़, रोलर स्केटिंग, टाइकाण्डो, रिले दौड़ आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके प्रथम, द्वितीय और तृतीय पद हासिल किया ।खेलों मे विजेता बने सभी छात्रों को गोल्ड मेड़ल, सिल्वर मेडल, ब्रान्ज मेडल और ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया और विजयी बने । इस अवसर पर छात्र–छात्राएँ के साथ अध्यापकों व अभिभावकों का उत्साह भी देखते बन रहा था मानों सबका बचपन लौट आया हो। तालियों की गड़घ् –गड़ाहट से पूरा प्रांगण गूंज रहा था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अकादमी के पूर्व संस्थापक स्वर्गीय चंद्र प्रकाश जैन की स्मृति मे नए भवन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का समापन विशिष्टि अतिथि प्रोफेसर नीलम पाठक, डीन छात्र कल्याण , डॉ राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी अयोध्या, व अकादमी के प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी के द्वारा बच्चों को आशीवचन के साथ हुआ । विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद का हम सभी के जीवन में बहुत योगदान है । यह हमे संपूर्ण विकास की ओर अग्रसर करता है। स्कूलों में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता बच्चों को अनुशासन,आपसी एकता, कार्यशीलता,अपने शरीर को स्वस्थ रखना सीखाता है। अकादमी की कोआर्डीनेटर शिप्रा मल्होत्रा ने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अतिथिगण, छात्रों के अभिभावकगण , शिक्षकगण, कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी वॉलिंटियर्स आदि सभी को सादर ध न्यवाद दिया । अकादमी के खेल शिक्षक अंकित, के. एन. सिंह , के.के. सिंह, विष्णु, सौरव, कादिर अली, सुनीता, व सी.सी. ऐ. इंचार्ज आकाशी, किरण गौड़ आदि सभी शिक्षको ने कार्यक्रम को आयोजित करने में अपना विशेष योगदान दिया और बच्चों को आगे भी इसी तरह खेलकूद में प्रतिभाग करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )